ऊर्जा ऐसे विषय पर खर्च होने लगती है जिससे व्यक्ति का वास्तविक जीवन से कोई रिश्ता नहीं होता है बल्कि उससे प्रभावित होने के कारण ऐसी नकारात्मक ऊर्जा प्रकृति से उसके आस-पास आ जाती है जो उसके जीवन में घटने लगती है। परिवार में तनाव बनने लगता है व्यक्ति जिस तरह के माहौल में रहता है जैसी सोच रखता है वैसी ऊर्जा खींचने लगता है और वैसी ऊर्जा छोड़ने लगता है। परिणाम स्वरूप परिवार का माहौल वैसा ही बन जाता है। अपने गुण की ऊर्जा बढ़ाना एक वैज्ञानिक क्रिया होती है। जिस प्रकार नकारात्मक ऊर्जा के सम्पर्क में जाने से नकारात्मकता बढ़ जाती है ठीक उसी प्रकार सकारात्मक ऊर्जा के सम्पर्क में आने से जीवन में सकारात्मकता बढ़ने लगती है जो जीवन में खुशहाली पैदा करती है। इसलिए पारिवारिक प्रेम बढ़ाने वाले सीरियल (धारावाहिक) देखना चाहिए। जीवन मिला है तो जीवन जीना ही पड़ता है जीवन जीने के कुछ ऐसे तरीके होते हैं जिससे जीवन खुशहाल बनाया जा सकता है। "हमलोग उस परमपिता, परमप्रकाश की संतान हैं जो कूड़े के ढेर में भी जीवन पैदा कर देता है, उसी की संतान होते हुए हम लोग अच्छाईयों में भी बुराईयां खोज लेते हैं। देखने का नजरिया बदल दिया जाय तो बुराईयों में भी कोई अच्छाई मिल जाती है। जो जीवन के उत्सव को बढ़ाकर खुशहाली का वृक्ष लगा देती है।" जीवन के सफर में चलते चलते कोई ऐसा विषय मिल जाता है जो दिल को छू जाता है उसकी गहरी छाप बन जाती है वह ज़िन्दगी का वृक्ष बन जाता है व्यक्ति उसी की छाया में अपना अधिक से अधिक समय व्यतीत करती है। यह वृक्ष दुःख का भी हो सकता है खुशी का भी हो सकता है किसी दुर्घटना के कारण यह वृक्ष लगता है तो व्यक्ति दुःख से बाहर नहीं निकल पाता है। यदि वृक्ष सुनहरे पल में सच (सकारात्मक विचार जिसे आप मानवता के कल्याण के लिये अपनाते हैं। वह संकल्प जो आपके जीवन का लक्ष्य बनकर आपकी खुशबू बन जाती है किसी से प्रभावित होकर आप जो भाव बनाते हैं जिसमें सभी की भलाई का भाव निहित होता है) का लग जाता है तो पूरा जीवन खुशियों में व्यतीत हो जाता है किसी भी वृक्ष को उगाने के लिए जमीन रूपी वैज्ञानिकता की आवश्यकता होती है जो निरन्तर उसी की सोच (ईच्छा) से पैदा होती है।

यदि दुख का वृक्ष लग रहा हो तो उस सोच से बाहर निकल जाना चाहिए किसी अच्छी सोच की तरफ अपना मन लगा लेना चाहिए ऐसा करने से दुख रूपी वृक्ष के लिए जमीन नहीं मिल पाती है। परिणामस्वरूप वृक्ष सूख जाता है। जीवन में अच्छी संगत में रहने से सकारात्मक लेख के पढ़ने से, उत्साह वर्धक चलचित्र देखने से, अच्छी सोच अच्छा कार्य करने वाले नाटक देखने से, संत महात्मा के बीच बैठने से, खुशियां देने वाला वृक्ष लग जाता है ऐसा होने के बाद व्यक्ति उन्हीं विषयों को बार-बार सोचते रहेने से उस वृक्ष को उपजाऊ जमीन मिल जाती है जिससे वृक्ष विशाल वृक्ष बनकर व्यक्ति को सुखद छांव देने लगता है उसकी अनुभूति व्यक्ति को शीतलता प्रदान करती है। व्यक्ति का जीवन खुशहाल हो जता है। उस वृक्ष में लगने वाले फल को जो लोग चखते हैं उसकी मिठास से उसके जीवन में भी खुशीहाली का वृक्ष रोपित हो जाता है, जो जीवन भर खुशहाल बना सकता है। इस प्रकार एक ही वृक्ष अपना विस्तार करके जगत को खुशहाल बना सकता है। ऐसा वृक्ष रूपी शरीर जगत का उदाहरण बन जाता है जिसका अभिपालन लोग स्वतः करने लगते हैं। हर व्यक्ति के जीवन का कोई एक मुख्य उद्देश्य होता है, उसका वही उद्देश्य जीवन का वृक्ष होता है। अपने जीवन में उत्पन्न होने वाली ऊर्जा को उसी के लए खर्च करता है उस उद्देश्य की प्राप्ति में आनेवाली रूकावट नकारात्मक ऊर्जा होती है जो उद्देश्य प्राप्ति में बाधा बनने का प्रयास करती हैं। इससे बचने के लिये व्यक्ति को अपने उद्देश्य के बारे में निरन्तर सकारात्मक सोच धारण करनी चाहिए और ज्यादा से ज्यादा उसी के बारे में सोचना चाहिए। ऐसा करने से शरीर के अंदर उत्पन्न हाने वाली ऊर्जा शक्तिशाली हो जाती है जो प्रकृति से सकारात्मक ऊर्जा खींचने लगती है। दोनो ऊर्जा मिलकर शक्तिशाली होकर नकारात्मक ऊर्जा को खत्म कर देती है। ऐसा करते रहने से उद्देश्य रूपी वृक्ष कभी सूखने नहीं पाता, बल्कि पल्लवित होकर उद्देश्य की प्राप्ति कराता है। शरीर के अंदर के पदार्थ में जिन गुणों का संचार होता है उनका संबंध इच्छाशक्ति से होता है। जैसी इच्छा होती है उसी तरह के गुण की ऊर्जा शरीर के पदार्थ छोड़ने लगते हैं। यह व्यक्ति पर निर्भर करता है की शरीर के पदार्थ से कैसी ऊर्जा पैदा करे। ईच्छाशक्ति जितना अधिक शक्तिशाली होती है उतनी शक्तिशाली ऊर्जा शरीर के पदार्थ छोड़ने लगते हैं। जिसे भावना के रूप में खर्च किया जाता है। खुशी का वृक्ष लगाने के लिये व्यक्ति को मानवतावादी, प्रकृति प्रेमी, न्याय प्रिय और ईमानदार होना चाहिए ऐसा होने के बाद व्यक्ति को अपनी नजर में अपना परीक्षण करना चाहिए। दूसरे की नजर से देखने पर व्यक्ति का अपना अस्तित्वि मिट जाता है फिर भी लोग कोई न कोई कमी गिनाते रहते हैं। समाज को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, पर कोई कुछ कमी बताता है तो उसे अपनी नजर से देख लेना चाहिए कि मैं ऐसा हूं या नहीं, नहीं हूं तो बदलने की जरूरत नहीं। हां, तो उसमें परिवर्तन कर लेना चाहिए। ऐसे चरित्र पर खुशी का वृक्ष लगता है। खुशी का वृक्ष लगाने के लिये अपने आप को ईमानदार बनायें फिर ऐसे उद्देश्य का चुनाव करें जिसमें पूरी प्रकृति का हित हो उसके बाद इस उद्देश्य रूपी वृक्ष को संकल्पशक्ति में बदल लें, ऐसा करने से वृक्ष लग जाता है और व्यक्ति अपने जीवन का अधिकतम समय इसके लिये देने लगता है ऐसा करने से वृक्ष विशाल हो जाता है जिससे पूरी प्रकृति को खुशहाली का फल मिलने लगता है आप लोग खुशी का वृक्ष अपने जीवन में लगायें और स्वयं खुश रहते हुए प्रकृति को खुशहाल बनायें।

प्रश्न हमारे
उत्तर श्री अशोक मानव जी के

प्रश्न : गुरु जी मानव द्वारा दूषित भाव यदि बन गया तो वह निष्क्रिय कैसे होता है ?

उत्तर : उसको निष्क्रिय करने के लिये प्रकृति को सैकड़ों साल लग जाते हैं। आपकी एक मिनट की गलती से जो आपका दूषित भाव प्रकृति में निकल गया, उसका खात्मा करने के लिये प्राकृतिक रूप से धरा को प्रकृति जैसा बनाने के लिये जीव के द्वारा ही तो उसका खात्मा होगा। उसको निष्क्रिय करने के लिये उस तरह के जीव की उत्पत्ति होगी उतने दिन का जीव जीवन जियेगा। उसको उस अवस्था से गुजरना पड़ेगा। जैसे- आपने मल त्यागा तो आपका मल खत्म करने के लिये सूअर पैदा होगा। सूअर उसको खायेगा, फिर सूअर भी मल त्यागेगा, उसको भी खत्म करने के लिये दूसरा जीव पैदा होगा।

आप गन्दगी फेंकोगे मच्छर पैदा होगा। फिर मच्छर से जो गन्दगी पैदा होगी उसका खात्मा करने के लिये दूसरा जीव पैदा होगा। एक चैनल से दूसरा चैनल। उस दूषित भाव को समाप्त करने में समय लगता है।

यदि किसी पाठक के मन में कोई भी सामाजिक या प्राकृतिक प्रश्न उठ रहा है वह उस प्रश्न का निदान चाहते हैं तो पाठक हमें अपना प्रश्न निम्न पते पर भेज सकते हैं। निदान प्रश्न के अगले अंक में दिया जाएगा।
आप अपना प्रश्न डाक द्वारा या ईमेल पर भेज सकते हैं

डाक पता : प्रकृति मेल, सर्या आश्रम, मानव नगर (निकट आई.आई. एस.ई), कल्याणपुर, लखनऊ-226022, उ0 प्र0
ईमेल-info@parkritimail.com, editor.prakritimail@gmail.com
9807636072, 7376495194

किताबें और दोस्त



फोटो : एआई

सुनील कुमार माथुर

जोधपुर, राजस्थान

कभी भी किसी का दिल नहीं दुखाना चाहिए । हमेंशा सभी के कल्याण की भावना का भाव रखकर अपनी ओर से जहां तक हो सके अच्छा ही करना चाहिए । चूंकि आप जैसा कर्म करोगे ,जैसी प्रार्थना करोंगे वैसी ही प्रार्थना वापस लौटती है कभी कृपा बन कर तो कभी सहारा बन कर । इसलिए हर क्षण सेवा भाव से कार्य करें । जीवन में सब कुछ धन दौलत , पैसा ही नहीं है अपितु इसके अतिरिक्त एक सेवा का कर्म भी हैं । हमें अपने कर्मों का फल अवश्य ही मिलता है और उसे हमें ही भोगना पड़ता है किसी और को नहीं फिर भला हम बुरे कर्म क्यों करें ।

भरोसे पर टिकी जिन्दगी

हमारे बड़े बुजुर्ग सही कहते हैं कि आसान कुछ नहीं है इस संसार में अगली सांस लेने के लिए भी पहली सांस छोड़नी पड़ती है। ठीक इसी प्रकार जीवन को आसानी से जीने के लिए हमें सभी के साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार करना चाहिए ताकि कठिन समय में हम उनकी मदद ले सकें और अपनी समस्या का सही समय पर सही समाधान निकाल सकें। वैसे भी कहा जाता है कि भरोसे पर ही "जिंदगी" टिकी है वरना कौन किसका ख्याल रखता है। इसलिए सभी के साथ विश्वास और भरोसा बनाए रखें। किसी का भी भरोसा न तोड़ें।

जीवन की नैया पार लगाने के लिए धैर्य , सहनशीलता , त्याग , प्रेम पूर्वक सद् व्यवहार का होना नितांत आवश्यक ताकि सब आपसे हिलमिल सकें औय आप भी सबमें घुल-मिल सकें। जो व्यक्ति अंहकार में जीवन व्यतीत करते हैं वे कभी भी सफल नहीं होते हैं। वे अपने अपको ही तीस मारका समझते हैं और अंत में पछताते हैं। प्रेम पूर्वक व्यवहार ही हमारी जीवन शैली को आसान बनाता हैं

आज देश में जाति , धर्म , भाषा , क्षेत्रवाद के नाम पर जो कभी कभार दंगे होते है वे असामाजिक तत्वों द्वारा समाज में अशांति फैलाने की घिनौनी साजिश होती है और हमें ऐसी गतिविधियों से दूर ही रहना चाहिए। लोगों का धर्म और जाति का नशा उस वक्त उतर जाता है जब किसी को अस्पताल में "खून" की जरूरत पड़ती है चूंकि सभी के खून का एक ही रंग होता हैं और वह भी लाल। अतः हम सब भारतीय हैं और अहिंसा में विश्वास करते हैं चूंकि अहिंसा ही हमारा मूल मंत्र है। शांति और सौहार्द्र के वातावरण में आनन्द मय जीवन व्यतीत करें। इसी में सबका भला है।

अच्छे कर्म करें

व्यक्ति को हमेंशा सत्य बोलना चाहिए और कभी भी किसी का दिल नहीं दुखाना चाहिए। हमेंशा सभी के कल्याण की भावना का भाव रखकर अपनी ओर से जहां तक हो सके अच्छा ही करना चाहिए। चूंकि आप जैसा कर्म करोगे ,जैसी प्रार्थना करोंगे वैसी ही प्रार्थना वापस लौटती है कभी कृपा बन कर तो कभी सहारा बन कर। इसलिए हर क्षण सेवा भाव से कार्य करें। जीवन में सब कुछ धन दौलत , पैसा ही नहीं है अपितु इसके अतिरिक्त एक सेवा का कर्म भी हैं। हमें अपने कर्मों का फल अवश्य ही मिलता है और उसे हमें ही भोगना पड़ता है किसी और को नहीं फिर भला हम बुरे कर्म क्यों करें।

सबसे बड़ी भूल

मानव आज अंहकार में जी रहा हैं। वह किसी पर भी विश्वास नहीं कर रहा हैं। चूंकि वह यह मानकर चल रहा है कि मेरा जैसा अनुभवी व्यक्ति इस नश्वर संसार में कोई भी नहीं। यहीं उसकी सबसे बड़ी भूल हैं। अगर कोई दूसरा व्यक्ति सही बात कहता है तो वह क्रोधित हो जाता है। क्रोध करने से न केवल हमारी काया को दुःख पहुंचता है बल्कि हमारी सकारात्मक सोच पर भी इसका असर पड़ता है। इसलिए क्रोध में कभी वो सब मत गंवाइए, जो आपने शांत रहकर कमाया है। पल भर के क्रोध में हमारा कितना नुक्सान हुआ इसका पता हमें जब लगता है तब तक काफी देर हो चुकी होती है।

जवानी, ताकत और शक्ति इनमें से कोई भी चीज़ स्थाई नहीं है इन सबका अंत प्रकृति द्वारा निर्धारित है इसलिए सावधान,विनम्र और संयमी बनें। जीवन में नम्रता और विनम्रता का होना नितांत आवश्यक है जो व्यक्ति जीवन में संयम, धैर्य और सहनशीलता रखता है वह कभी भी परेशान नहीं होता हैं चूंकि ऐसे व्यक्ति के साथ परमात्मा हर वक्त रहते है और उसकी हर समस्या का तत्काल प्रभाव से समाधान करते हैं।

जो धैर्यवान होता है वो इंसान आत्मविश्वास की नाव पर सवार हो कर संकट की हर नदी को सफलता पूर्वक पार कर जाता है। इसलिए हमें कभी भी उतावली नहीं रखनी चाहिए। कहा भी जाता है कि सब्र का फल मीठा होता है। जल्दबाजी में बने बनाए कार्य भी बिगड़ जाते हैं। इसलिए धैर्य के साथ काम करें। हर काम सफल होगा।

संबंधों में नजदीकियां

हमारे महापुरुष कहते है कि जीवन से बड़ा कोई विद्यालय नहीं, कठिनाइयों से बढ़कर कोई परीक्षा नहीं और समय से बड़ा कोई शिक्षक नहीं। ईश्वर सिर्फ मिलाने का काम करता हैं। आज का इंसान तनिक सी कठिनाई आ जाने पर घबरा जाता हैं। अतः

संबंधों में नजदीकियाँ या दुरियाँ बढ़ाने का काम व्यक्ति स्वयं करता हैं वक्त अच्छा हो या बुरा ऊपरवाला कभी हमारा साथ नहीं छोड़ता। हर क्षण अच्छा होता हैं लेकिन हम उसे अपने अंहकार , लोभ , लालच व घमंड के कारण बुरा बना देते हैं और फिर भगवान को एवं अपनी किस्मत को दोष देते हैं। समय सभी के लिए एक सा होता हैं। उसे हम अपने बुरे कर्मों के कारण बुरा बना देते हैं। इंसान इस नश्वर संसार में खाली हाथ ज़रूर आता है लेकिन जाते समय अपने साथ अपने कर्मों की गठरी अवश्य ले जाता हैं। इसलिए जब भी कोई कर्म करे तो श्रेष्ठ कर्म ही करे।

घबराने की आवश्यकता नहीं है। जीवन में उतार चढाव तो आते ही रहते हैं। समय हमें समय समय पर बहुत कुछ सीखाता है लेकिन हम उस ओर ध्यान नहीं देते हैं। सीखना और सिखाने की प्रक्रिया निरन्तर जारी रहनी चाहिए। आप अपने से बड़े और बुजुर्गो के पास बैठिए। अनुभवी लोगों का साथ कीजिए। सकारात्मक सोच रखिए। फिर देखिए आपके जीवन में कितना बदलाव आता हैं और आप टेंशन मुक्त रहते हैं। आज ही अपने जीवन को सकारात्मक सोच की ओर ले जाइये और स्वस्थ एवं मस्त जीवन व्यतीत कीजिए।

संबंधों में नजदीकियाँ या दुरियाँ बढ़ाने का काम व्यक्ति स्वयं करता हैं वक्त अच्छा हो या बुरा ऊपरवाला कभी हमारा साथ नहीं छोड़ता। हर क्षण अच्छा होता हैं लेकिन हम उसे अपने अंहकार , लोभ , लालच व घमंड के कारण बुरा बना देते हैं और फिर भगवान को एवं अपनी किस्मत को दोष देते हैं। समय सभी के लिए एक सा होता हैं। उसे हम अपने बुरे कर्मों के कारण बुरा बना देते हैं। इंसान इस नश्वर संसार में खाली हाथ ज़रूर आता है लेकिन जाते समय अपने साथ अपने कर्मों की गठरी अवश्य ले जाता हैं। इसलिए जब भी कोई कर्म करे तो श्रेष्ठ कर्म ही करे।

जब इंसान परेशानियों से घिरा हुआ हो या हताश व परेशान हो तब यही कहता है कि यह भी कोई जिंदगी हैं। लेकिन वह यह भूल जाता है कि जिंदगी जीने के लिए ही है। इसे हम अपनी मनमर्जी से नहीं चला सकते। जिन्दगी को जीओ, उसे समझने की कोशिश ना करो। चलते वक्त के साथ चलो वक्त को बदलने की कोशिश न करो, लेकिन इंसान अपने आपको बड़ा ही चतुर और चालाक समझता है और वक्त को येन केन प्रकारेण बदलने का प्रयास करता है लेकिन वक्त बदलता नहीं है वह तो अपनी ही गति व समय के अनुसार चलता है।

स्वस्थ और मस्त रहिए। दिल खोलकर हंसिए और दिल खोल कर ही सांस लो,अंदर ही अंदर घुटने की कोशिश न करो। चूंकि घूट घूट कर जीना हमारा लक्ष्य नहीं है। परमात्मा ने जब यह मानव जीवन दिया है तो फिर आराम की जिंदगी जीओं। हंसते मुस्कुराते रहिए। सबके साथ संवाद कीजिए और मन की बात शेयर कीजिए। हो सकता है कि कोई आपकी समस्या हो तो उसका समाधान भी निकल जाये। संवाद ही एकमात्र ऐसा जरिया है जिसके जरिए हम स्वस्थ और मस्त रह सकते हैं और घुटन भरी जिंदगी से बच सकते है। जीवन की हर समस्या को आसानी से नहीं सुलझा सकते। इसलिए कुछ बातें ईश्वर पर छोड़ दो। सब कुछ खुद सुलझाने की कोशिश न करो।

इंसान की दवा

इस नश्वर संसार में इंसान ही इंसान की दवा हैकोई दुःख देता है तो कोई सुकून बन जाता है। अतः हमें सदैव ऐसे कर्म करने चाहिए जिससे किसी को हमारी वजह से परेशानी नहीं होनी चाहिए। जब हमें यह मानव जीवन मिला है तो क्यों न हम हंसते मुस्कुराते हुए जीवन व्यतीत करें। कल किसने देखा है जब आज का भी भरोसा नहीं कि कब यह माटी का घड़ा फूट जाए और इंसान इस लोक

से परलोक सिधार जाये। जब आनन्द मय जीवन व्यतीत करना ही है तो फिर यह तेरा और यह मेरा का झगड़ा क्यों आनन्द के साथ सभी के साथ प्रेम पूर्वक रहिए। सभी के साथ ऐसा व्यवहार कीजिए कि आपके परलोक सिधार जाने के बाद भी लोग आपके नेक कार्यों की सराहना करते रहें और आपकी याद जन जन के मन में बसी रहें।

समय सबका आता है

'स्वयं' को स्वयं ही खुश रखें ये जिम्मेदारी किसी और को ना दें। समय सबका आता है, बस धैर्य रखे। आज संसार में जो अशांति का माहौल बना हुआ है उसका मूल कारण यह है कि आज इंसान में सहनशीलता और धैर्य की भावना नहीं रही वह बात बात में क्रोधित हो जाता हैं और हर कार्य का तत्काल परिणाम चाहता है। अच्छे और दीर्घकालिक परिणाम के लिए धैर्य रखना नितांत आवश्यक है। क्रोध करने से कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है अपितु बने बनाए कार्य भी बिगड़ जाते हैं। इसलिए शांत रहिए और हंसते मुस्कुराते रहिए।यही आदर्श जीवन व्यतीत करने का मूलमंत्र है।

अहंकार सत्य को स्वीकार नहीं करता और सत्य को जानने वाला कभी अहंकार नहीं करता । यह जीवन का अटूट सत्य है।

किसी मे.भी खामियां न ढूंढें

भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग दूसरों में गलतियां ढूंढ कर अपने आपको तीस मारका समझते हैं। किसी में खामियां ढूंढने से आपको कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है अपितु ऐसा करना समय की बर्बादी के अलावा कुछ भी नहीं है। 'दूसरे' की कमियां खोजते समय इंसान यह क्यों नहीं सोचता कि 'वह' भी तो हमारे समान इंसान ही है... 'भगवान' तो नहीं। अरे, अपने दिल पर हाथ रख कर सोचिए कि क्या आप सर्वगुण संपन्न है कमियां सभी में होती हैं। आप में व हम में भी ढेर सारी कमियां हैं लेकिन हमें सदैव कमियों में भी गुण खोजने चाहिए और अपनी गलतियों को समय रहते सुधारते रहना चाहिए।

फोटो : एआई

हर कोई भगवान को थोड़ा सा चढावा चढ़ा कर लाखों करोड़ों की इच्छा पूर्ति की कामना करते हैं। जो उचित व न्याय संगत नहीं है। परमात्मा तो पालनहार है इसलिए वे सब जानते है कि किसे कब कहां क्या देना हैं। बस हमें तो निस्वार्थ भाव से ईश्वर की पूजा आराधना करते रहना चाहिए। हमारा कर्म तो ध्यान व पूजा अर्चना सच्चे मन से करना हैं और फल देना उस परमात्मा का कर्म है। वह अपने भक्तों को कभी भी परेशानी में नहीं देख सकता। वह कभी भी किसी को दुःख दर्द नहीं देता हैं। परेशानियां हम खुद पैदा करते हैं।

मंदिर

परमात्मा में विश्वास रखने वाले लोग हर रोज मंदिर जाते हैं और भगवान से हर रोज कुछ न कुछ मांगते रहते हैं। वे भगवान को प्रसाद या कोई चढ़ावा चढ़ाते हैं तो उसके मूल में उनका स्वार्थ छिपा रहता हैं। हर कोई भगवान को थोड़ा सा चढावा चढ़ा कर लाखों करोड़ों की इच्छा पूर्ति की कामना करते हैं। जो उचित व न्याय संगत नहीं है। परमात्मा तो पालनहार है इसलिए वे सब जानते है कि किसे कब कहां क्या देना हैं। बस हमें तो निस्वार्थ भाव से ईश्वर की पूजा आराधना करते रहना चाहिए। हमारा कर्म तो ध्यान व पूजा अर्चना सच्चे मन से करना हैं और फल देना उस परमात्मा का कर्म है। वह अपने भक्तों को कभी भी परेशानी में नहीं देख सकता। वह कभी भी किसी को दुःख दर्द नहीं देता हैं। परेशानियां हम खुद पैदा करते हैं। चूंकि हर क्षण हमारे मन में कुछ अच्छा पाने की लालसा बढ़ती जाती हैं और उनकी तत्काल पूर्ति नहीं होने पर हम हताश , निराश व परेशान हो जाते हैं। इसलिए अपनी इच्छाओं पर अंकुश लगाइएं और उन्हें नियंत्रित कीजिए। मन के अंदर जाना ही मंदिर है और अंदर जाने का रास्ता केवल ध्यान है । ईश्वर से कुछ मत मांगिए बस निकटता बढ़ाइए सब कुछ बिना मांगें ही मिल जायेगा ।

इंसान का महत्व

आज का इंसान पद , प्रतिष्ठा , धन दौलत पाकर घमंड में इतना इतरा रहा है कि वह अपने आगे दूसरों को कुछ भी नहीं समझता हैं। वह अपने को किसी राजा महाराजा से कम नहीं समझता हैं एवं हर किसी की बेइज्जती करने में व अपमानित करने में अपनी शान समझते हैं जो कि अनुचित बात है और हम इसे न्याय संगत नहीं मानते हैं। किसी महापुरुष ने कहा है कि कलम तभी स्पष्ट, सुंदर और अच्छा लिख पाती है, जब वो थोड़ा झुक कर चलती है। उसी प्रकार जिंदगी में इंसान का महत्व तभी है, जब व्यक्ति विनम्र, सरल और सहज हो। इसलिए हमें सदैव नम्र रहना चाहिए। सभी के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए और उसके साथ वैसा ही व्यवहार कीजिए जैसा कि आप दूसरों से अपने प्रति चाहते हो।

जीवन की डगर में अनेक बाधाएं

आदर्श जिन्दगी जिना कोई आसान कार्य नहीं है। कदम कदम पर अनेक अवरोध हैं। अतः आप खुद को मजबूत बनाइये। डरना नहीं, हमें अपनी राह खुद बनानी होगी और हर बाधा का हंसते मुस्कुराते हुए सामना कर आगे बढ़े। अगर कोई आपकी राह में कांटे बोए तो आप उसकी राह में पुष्प बोए। चूंकि बदले की भावना इंसान की इंसानियत को मार देती हैं। इसलिए सभी के साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार कीजिए। सही समय कभी नही आता, बस समय को सही बनाना पड़ता है।

सफलता की सीढ़ियां

जीवन में सफलता वही लोग हासिल कर पाते हैं जिनके व्यवहार में नम्रता और विनम्रता का भाव होता हैं और जो शांत प्रवृति के होते हैं। चूंकि सफलता कोई बाजार में मिलने वाली वस्तु नहीं है अपितु इसे कठिन परिश्रम व कड़ी मेहनत से हासिल किया जाता हैं। इसी के साथ ही साथ कार्य के प्रति निष्ठा और ईमानदारी का होना भी नितान्त आवश्यक है। जब आप सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहे हो , तो पीछे छूटे लोगों से बहुत अच्छा व्यवहार करें क्योंकि उतरते समय वही लोग रास्ते में फिर मिलेंगे।

आत्मविश्वास

परमात्मा द्वारा दिया गया यह मानव जीवन अनमोल है। यह हमारे पिछले जन्म में किये गये नेक कार्य का ही परिणाम है। अतः इस जीवन की सार्थकता तभी है जब हम सभी के साथ समान व्यवहार करें। याद रखिए कि सरलता से बढ़कर कोई हल नहीं, मधुरता से बढ़कर कोई पल नहीं, मानवता से बढ़कर कोई गुण नहीं हैं और आत्मविश्वास से बढ़कर कोई बल नहीं हैं। जीवन में सादगी के साथ ही साथ संयम, धैर्य और सहनशीलता का होना भी नितान्त आवश्यक है।

चोर

कहते हैं कि बीते हुए कल का अफ़सोस और आने वाले कल की चिंता दो ऐसे चोर हैं जो हमारे आज की खूबसूरती को चुरा लेते हैं। इसलिए जो बीत गया या जो हो गया सो हो गया उस पर चिंता मत कीजिए और जो आज हमारे समक्ष हो रहा हैं उसे अच्छा बनाए। जब आप आज को अच्छा बना लेते हैं और खुशी खुशी जीवन व्यतीत करते हैं तो आने वाला कल भी अच्छा होगा चूंकि आपने अपने जीवन की नींव को मजबूती के साथ तैयार कर लिया अब आपके जीवन में अपार खुशियों का भंडार है। जो लोग बीते दिन की और आने वाले कल की चिंता में अपना जीवन व्यतीत करते हैं वे सदैव दुःखी और परेशान रहते हैं।

वो दो मिनट

मुस्कान महतो
बोकारो, झारखंड

मानसी को समय का महत्व समझ में आ गयी थी । अब वो सारे काम समय पर करती । समय पर होम वर्क करती है समय पर स्कूल जाती थी। यह देख मानसी के मम्मी पापा दोनों बहुत खुश थे। क्योंकि उसकी बेटी समय की महत्व को समझ गयी थी।

एक लड़की थी। उसका नाम था मानसी। एक दिन सुबह उसकी माँ बोली " मानसी उठ जाओ, सुबह हो गई है, तुम्हें स्कूल के लिए देर हो रही है..!"

मानसी ने कहा " माँ, मैं बस दो मिनट में उठ रही हूँ..!"

उसकी माँ गुस्से में कहती है "जल्दी जल्दी उठो, दो मिनट की बच्ची वरना तुम्हारी स्कूल बस चली जायेगी..! और तुम्हारी स्कूल छूट जायेगी..! फिर तुम्हें छोडने पापा को जाना पडेगा।"

मानसी की सबसे खराब आदत यह थी कि वो सुबह देर तक सोती माँ बार बार आवाज देती, परन्तु उसे अनसुना करती, किसी किसी दिन हडबडा कर उठती, जैसे तैसे, दांत साफ़ करती, किसी किसी दिन तो वह बिना पखाना किये, लंच बॉक्स बैग में ठूंसती और स्कूल चली जाती, लंचटाइम में सभी बच्चे खाते पर मानसी को खाने की इच्छा नहीं करती, जबरन खाने की कोशिश करती, पर खिलाता नहीं। किसी दिन तो लंच बॉक्स भरा का भरा घर वापस आ जाता। माँ डांटती। वह चुप रहती। फ्रेस होने के लिए पखाना घर में देर तक बैठी रहती। माँ चिल्ला कर कहती "और सुबह देर तक सोते रहो, सुबह का काम दोपहर को करेगी तो खाने का मन कहाँ से करेगा..!"

उस दिन भी जब तक मानसी उठती है, सचमुच में तब तक उसकी स्कूल बस जा चुकी थी। इस पर उसकी माँ उसे खूब डांट रही थी। तभी पास आकर उसके पापा बोलते है " मानसी तुमको ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि तुम माँ से जो दो मिनट मांग रही थी, उस दो मिनट में तुम नहा लेती, इससे तुम्हारा तन और मन दोनों तरोताजा हो जाता। लेकिन तुमने वो समय गवां दिया और बस भी छूट गयी।"

" सॉरी पापा! अब आगे से ऐसा नहीं करूंगी..!"

मानसी को समय का महत्व समझ में आ गयी थी । अब वो सारे काम समय पर करती । समय पर होम वर्क करती है समय पर स्कूल जाती थी। यह देख मानसी के मम्मी पापा दोनों बहुत खुश थे। क्योंकि उसकी बेटी समय की महत्व को समझ गयी थी।

बायो पैलेट : सतत ईंधन का हरित विकल्प

फोटो : एआई

गौरीशंकर वैश्य विनम्र

लखनऊ

बायो पैलेट एक प्रकार का ठोस जैव-ईंधन (Solid Biofuel) है, जिसे कृषि अवशेषों, लकड़ी के बुरादे, भूसे, गन्ने की खोई, नारियल के खोल आदि जैविक पदार्थों को संपीडित (compress) करके बनाया जाता है। ये छोटे-छोटे बेलनाकार दाने होते हैं, जिनका व्यास सामान्यतः 6–8 मिमी होता है और इनकी ऊष्मीय क्षमता (calorific value) लगभग 3500–4800 kcal/kg

वर्तमान समय में ऊर्जा संकट, बढ़ती जनसंख्या,औद्योगिकीकरण और पर्यावरण प्रदूषण मानव सभ्यता के सामने गंभीर चुनौतियाँ प्रस्तुत कर रहे हैं। कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों के सीमित भंडार तथा इनके दहन से उत्पन्न प्रदूषण ने विश्व को वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की खोज के लिए प्रेरित किया है। इसी संदर्भ में बायो पैलेट (Biomass Pellet) एक प्रभावी, स्वच्छ और टिकाऊ ईंधन विकल्प के रूप में उभरकर सामने आया है।

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में, जहाँ भारी मात्रा में कृषि अपशिष्ट उत्पन्न होता है, बायो पैलेट न केवल ऊर्जा का स्रोत है, अपितु पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास का माध्यम भी है।

बायो पैलेट क्या है

बायो पैलेट एक प्रकार का ठोस जैव-ईंधन (Solid Biofuel) है, जिसे कृषि अवशेषों, लकड़ी के बुरादे, भूसे, गन्ने की खोई, नारियल के खोल आदि जैविक पदार्थों को संपीडित (compress) करके बनाया जाता है।

ये छोटे-छोटे बेलनाकार दाने होते हैं, जिनका व्यास सामान्यतः 6–8 मिमी होता है और इनकी ऊष्मीय क्षमता (calorific value) लगभग 3500–4800 kcal/kg (किलो कैलोरी प्रति किलोग्राम) तक होती है।

प्रमुख विशेषताएं

इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं - उच्च ऊर्जा घनत्व,कम नमी, कम राख, स्वच्छ दहन तथा

आसान परिवहन एवं भंडारण

बायो पैलेट की निर्माण प्रक्रिया

बायो पैलेट का निर्माण एक वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रक्रिया है, जिसमें निम्न चरण शामिल होते हैं:

(1) कच्चे माल का संग्रह - इसमें कृषि अवशेष जैसे धान का भूसा, गेहूँ का पुआल,

गन्ने की खोई, लकड़ी के टुकड़े, बुरादा, औद्योगिक जैव अपशिष्ट आदि सम्मिलित हैं।

(2) सुखाना - कच्चे माल की नमी को 10–12% तक कम किया जाता है, ताकि संपीड़न आसान हो सके।

(3) पिसाई - इससे बड़े आकार के पदार्थों को छोटे कणों में बदल दिया जाता है।

(4) संपीड़न (Pelletization)

उच्च दाब और तापमान पर इन कणों को मशीन द्वारा दबाकर बेलनाकार पैलेट बनाए जाते हैं। इसमें प्राकृतिक लिग्निन बाइंडर का कार्य करता है, इसलिए किसी रासायनिक पदार्थ की आवश्यकता नहीं होती।

(5) ठंडा करना और पैकेजिंग

पैलेट को ठंडा कर पैक किया जाता है, जिससे उनकी मजबूती बनी रहे।

बायो पैलेट का वैज्ञानिक आधार

बायो पैलेट ऊर्जा उत्पादन का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो बायोमास ऊर्जा पर आधारित है।इसको निम्न सोपानों से समझा जा सकता है -

1.पौधे प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से कार्बन डाई आक्साइड (CO_2) को अवशोषित करते हैं।

2.जब पैलेट जलते हैं, तो वही कार्बन डाई आक्साइड (CO_2) पुनः वातावरण में लौटता है।

इस प्रकार यह कार्बन-तटस्थ (Carbon Neutral) प्रक्रिया बनती है।

3.इससे ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि नहीं होती और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

बायो पैलेट का महत्व

1 पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोगी - इससे CO_2, SO_2 और NO_x उत्सर्जन में कमी आती है, वायु प्रदूषण कम होता है एवं जलवायु परिवर्तन नियंत्रण में सहायता मिलती है।

2 कृषि अपशिष्ट का उपयोग - भारत में हर वर्ष करोड़ों टन फसल अवशेष जलाए

फोटो : एआई

जाते हैं, जिससे प्रदूषण बढ़ता है। बायो पैलेट इन अवशेषों को उपयोगी ऊर्जा में बदलते हैं।

3. ऊर्जा सुरक्षा-बायो पैलेट ऊर्जा उत्पादन द्वारा एक टिकाऊ ईंधन का विकल्प देते हैं। इससे आयातित ईंधनों पर निर्भरता कम होती है तथा

स्थानीय संसाधनों से ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि होती है।

4. आर्थिक लाभ - इससे किसानों को अतिरिक्त आय, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार तथा उद्योगों के लिए सस्ता ईंधन मिलता है।

5. औद्योगिक उपयोग- बायो पैलेट को बायलर, भट्टियों और बिजली उत्पादन में उपयोग किया जा सकता है, जो कोयले के उपयुक्त विकल्प के रूप में अत्यंत लाभप्रद है।

बायो पैलेट के लाभ

1. इससे उच्च ऊष्मीय क्षमता प्राप्त होती है।

बायो पैलेट की ऊर्जा क्षमता 3800–4800 kcal/kg होती है, जो कई पारंपरिक ईंधनों के बराबर है।

2. बायो पैलेट से स्वच्छ ईंधन प्राप्त होता है, जिसमें कम धुआँ, कम राख और कम प्रदूषण होता है।

3. नवीकरणीय प्रणाली के कारण यह प्राकृतिक और पुनः उत्पन्न होने वाले संसाधनों से बनता है।

4. यह डीजल और कोयले की तुलना में सस्ता है। इसकी कीमतें प्रायः स्थिर रहती हैं।

5. ये उच्च घनत्व के कारण कम स्थान घेरते हैं, इसलिए इनका भण्डारण आसान है।

6.इनको लाने - ले जान में कोई कठिनाई नहीं आती, अतः परिवहन सरल है।

भारत में बायो पैलेट का महत्व

भारत में बायो पैलेट का महत्व विशेष रूप से बढ़ रहा है क्योंकि सरकार ने थर्मल पावर प्लांट्स में बायोमास को-फायरिंग (co-firing) अनिवार्य किया है। 2025-26 तक लाखों टन पैलेट की मांग उत्पन्न होने की संभावना है। इससे

पराली जलाने की समस्या का समाधान संभव है।

बायो पैलेट का उपयोग

बायो पैलेट का उपयोग बिजली उत्पादन, औद्योगिक भट्टियाँ और बायलर, घरेलू हीटिंग और कुकिंग एवं सीमेंट और स्टील उद्योग में आसानी से किया जा सकता है।

दूसरों के ज़ख़्मों पर मरहम लगाने वाला ख़ुद चंगा हो जाता है

फोटो : एआई

ज़रूरी नहीं ज़ख़्मों पर कोई दवा या मरहम ही लगाई जाए क्योंकि ये ज़ख़्म भीतरी भी हो सकते हैं। मनुष्य की पीड़ा भौतिक ही नहीं मानसिक भी हो सकती है। दूसरों के ज़ख़्मों पर मरहम लगाने का अर्थ है किसी के दुखी मन को सांत्वना देकर उसकी मानसिक यंत्रणा अथवा पीड़ा को कम करना। आवश्यकता के अनुसार किसी को कोई आश्वासन देना

सीताराम गुप्ता
पीतमपुरा, दिल्ली

कविवर रहीम का प्रसिद्ध दोहा है:

यों 'रहीम' सुख होत है उपकारी के संग,
बाँटनवारे को लगे, ज्यों मेहंदी को रंग।

दूसरों की भलाई करने वाला उसी प्रकार से सुखी होता है जैसे दूसरों के हाथों पर मेहंदी लगाने वाले की उँगलियाँ ख़ुद भी मेहंदी के आकर्षक रंग में रंग जाती हैं। रंग ही नहीं जाती हैं अपितु सुवासित भी हो जाती हैं। जो इत्र बेचते हैं वे ख़ुद उसकी बू-बास से महकते रहते हैं। जिस प्रकार से एक फूल बेचने वाले के कपड़ों और बदन से फूलों की सुगंध नहीं जा सकती उसी प्रकार से दूसरों की भलाई करने वाले व्यक्ति पर उसके द्वारा की गई भलाई का अच्छा प्रभाव भी उस पर अवश्य ही पड़ता है। ऐसे व्यक्ति का कभी अहित नहीं हो सकता। दूसरों की मदद अथवा परोपकार करने का निस्संदेह बड़ा महत्त्व है।

प्रत्यक्ष रूप से ही नहीं परोक्ष रूप से भी इसका बड़ा लाभ मिलता है। एक बुढ़िया थी जो बेहद कमज़ोर और बीमार थी। रहती भी अकेले ही थी। उसके कंधों में दर्द रहता था लेकिन वह इतनी कमज़ोर थी कि ख़ुद अपने हाथों से दवा लगाने में भी असमर्थ थी। कंधों पर दवा लगवाने के लिए कभी किसी से मिन्नतें करती तो कभी किसी से। एक दिन बुढ़िया ने पास से गुज़रने वाले एक युवक से कहा कि बेटा ज़रा मेरे कंधों पर ये दवा लगा दे। भगवान तेरा भला करेगा। युवक ने कहा कि अम्मा मेरे हाथों की उँगलियों में तो ख़ुद दर्द रहता है। मैं कैसे तेरे कंधों की मालिश करूँ?

बुढ़िया ने कहा कि बेटा दवा मलने की ज़रूरत नहीं। बस इस डिबिया में से थोड़ी सी मरहम अपनी उँगलियों से निकालकर मेरे कंधों पर फैला दे। युवक ने अनिच्छा से डिबिया में से थोड़ी सी मरहम लेकर अपने एक हाथ की उँगलियों से बुढ़िया के दोनों कंधों पर लगा दी। दवा लगते ही बुढ़िया की बेचैनी कम होने लगी और वो इसके लिए उस युवक को आशीर्वाद देने लगी। बेटा, भगवान तेरी उँगलियों को भी जल्दी ठीक कर दे। बुढ़िया के आशीर्वाद पर युवक अविश्वास से हँस दिया लेकिन साथ ही उसने महसूस किया कि उसकी उँगलियों का

दर्द भी ग़ायब सा होता जा रहा है। क्या ये बुढ़िया के आशीर्वाद का प्रभाव था?

वास्तव में बुढ़िया को मरहम लगाने के बाद युवक की उँगलियों पर कुछ मरहम लगी रह गई थी। उसने दूसरे हाथ की उँगलियों से उसे पोंछने की कोशिश की तो मरहम उसके दूसरे हाथ की उँगलियों पर भी लग गई। यह उस मरहम का ही कमाल था जिससे युवक के दोनो हाथों की उँगलियों का दर्द ग़ायब सा होता जा रहा था। अब तो युवक सुबह, दोपहर और शाम तीनों वक्त बूढ़ी अम्मा के कंधों पर मरहम लगाता और उसकी सेवा करता। कुछ ही दिनों में बुढ़िया पूरी तरह से ठीक हो गई और साथ ही युवक के दोनो हाथों की उँगलियाँ भी दर्दमुक्त होकर ठीक से काम करने लगीं। तभी तो कहा गया है कि जो दूसरों के ज़ख़्मों पर मरहम लगाता है उसके ख़ुद के ज़ख़्मों को भरने में देर नहीं लगती।

"दूसरों के ज़ख़्मों पर मरहम लगाना" अब इस मुहावरे को भी देख लीजिए। ज़रूरी नहीं ज़ख़्मों पर कोई दवा या मरहम ही लगाई जाए क्योंकि ये ज़ख़्म भीतरी भी हो सकते हैं। मनुष्य की पीड़ा भौतिक ही नहीं मानसिक भी हो सकती है। दूसरों के ज़ख़्मों पर मरहम लगाने का अर्थ है किसी के दुखी मन को सांत्वना देकर उसकी मानसिक यंत्रणा अथवा पीड़ा को कम करना। आवश्यकता के अनुसार किसी को कोई आश्वासन देना। पीड़ा जो भी हो कष्टदायक होती है। यदि कोई किसी को किसी भी प्रकार की पीड़ा से मुक्त करता है तो पीड़ित को बड़ी राहत मिलती है। वह पीड़ा को कम करने वाले या कष्ट को समाप्त करने वाले के प्रति कृतज्ञता से भर उठता है और आशीर्वाद या दुआएँ देने लगता है।

कृतज्ञता की अवस्था कृतज्ञ को ही नहीं मदद करने वाले को भी अच्छी लगती है। जब कोई उसके प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करता है अथवा उसका धन्यवाद करता है या किसी भी अन्य रूप में आभार प्रकट करता है तो वह एकदम विनम्र होकर परमार्थ के भावों से भर उठता है। उसका मन करता है कि मैं सदैव लोगों के कष्ट दूर करने में लगा रहूँ। दुनिया के सभी लोग कष्टमुक्त हो जाएँ। ऐसी मनोदशा अथवा स्थिति व्यक्ति के लिए आरोग्य प्रदान करने वाली होती है। ऐसी भावावस्था में व्यक्ति के शरीर में स्थित अंतःस्रावी ग्रंथियों से लाभदायक हार्मोंस का उत्सर्जन प्रारंभ हो जाता है जो उसे रोगों से बचाने तथा रोगग्रस्त होने पर शीघ्र रोगमुक्त करने में सहायक होते हैं।

फोटो : एआई

किसी की मदद करने, कोई अच्छा काम करने अथवा निष्काम भाव से कोई समाजोपयोगी कार्य करने से समाज में व्यक्ति की प्रतिष्ठा बढ़ती है और इसके लिए लोग उस व्यक्ति की प्रशंसा भी करते हैं जिससे व्यक्ति को असीम परितुष्टि की अनुभूति होती है। यही असीम परितुष्टि की अनुभूति व्यक्ति के शरीर में उपयोगी हार्मोन सेरोटोनिन अर्थात् हैपी हार्मोन के स्तर को बढ़ा देती है जो उसके स्वास्थ्य और रोगमुक्ति के लिए बेहद उपयोगी होती है। ऐसी अवस्था व्यक्ति के दीर्घायु होने में भी सहायक होती है। दूसरों की मदद करके भी हम अपने लिए रोग-मुक्ति, अच्छा स्वास्थ्य और दीर्घायु सुनिश्चित कर लेते हैं, इसमें संदेह नहीं।

गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं :

परहित है जिनके मन माहीं।
तिन कहुँ जग दुर्लभ कछु नाहीं।।

अर्थात् जिनके मन में परहित अथवा दूसरों की भलाई का जज़्बा बना रहता है उनके लिए संसार की कोई भी वस्तु ऐसी नहीं है जो उन्हें न मिल सके। दूसरों के ज़ख़्मों पर मरहम लगाने वाला, सच्चे मन से लोगों की सेवा करने वाला आध्यात्मिक, अधिभौतिक व अधिदैविक तीनों प्रकार की व्याधियों से मुक्त होकर आनंदपूर्वक जीवन ही नहीं व्यतीत करता वह धर्म का भी सही अर्थों में पालन करता है और यह लोक ही नहीं परलोक भी सँवार लेता है। जब भी किसी रूप में दूसरों की सेवा करने का अवसर मिले तो उसे बोझ न मानकर अपना सौभाग्य समझना चाहिए क्योंकि इसी में निहित है परमानंद और परमैश्वर्य।

संकल्प नहीं व्यवहार चाहिए

अवनीश कुमार गुप्ता
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश

फोटो : एआई

प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस अब केवल औपचारिक आयोजन का अवसर नहीं रह गया है। यह दिन मानव समाज को स्वयं से प्रश्न करने का अवसर देता है कि जिस धरती ने हमें जल, वायु, अन्न, वन, औषधि, खनिज और जीवन का आधार दिया, उसके प्रति हमारा आचरण कैसा रहा। यदि निष्पक्ष दृष्टि से देखा जाए तो मनुष्य ने प्रकृति से लिया अधिक है और लौटाया बहुत कम। विकास, सुविधा और उपभोग की दौड़ में हमने नदियों को मैला किया, वनों को काटा, मिट्टी को थकाया, वायु को विषाक्त बनाया और जल स्रोतों को सुखा दिया। आज पृथ्वी दिवस का सबसे बड़ा संदेश यही है कि अब चेतावनी का समय बीत चुका है, सुधार का समय उपस्थित है।

इस वर्ष विश्व स्तर पर पृथ्वी दिवस का जो भाव उभरकर सामने आया है, उसका सार यही है कि धरती को बचाने की शक्ति केवल शासन, वैज्ञानिक संस्थानों या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में सीमित नहीं है। यह शक्ति सामान्य नागरिक के दैनिक जीवन में भी निहित है। समस्या यह है कि हम पर्यावरण को सरकारी विषय मानते हैं, जबकि यह घर-घर का विषय है। जब तक परिवार, विद्यालय, बाजार, खेत, उद्योग और नगर—सब अपने व्यवहार नहीं बदलेंगे, तब तक बड़ी घोषणाएँ भी अधूरी सिद्ध होंगी।

आज सबसे गंभीर भूल यह हुई है कि सुविधा को प्रगति मान लिया गया है। अधिक वाहन, अधिक उपभोग, अधिक अपव्यय, अधिक विद्युत व्यय और अधिक संसाधन दोहन को सफलता का प्रतीक समझ लिया गया। परिणाम सामने हैं। ग्रीष्म ऋतु अधिक कठोर हो रही है, वर्षा का क्रम असंतुलित हो रहा है, कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा दिखाई देता है, भूजल स्तर नीचे जा रहा है, और नगरों की हवा स्वास्थ्य के लिए संकट बन रही है। प्रकृति संकेत दे रही है कि संतुलन टूट रहा है, पर मनुष्य अभी भी अनेक स्थानों पर असावधान बना हुआ है।

भारत के सामने यह चुनौती और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहाँ जनसंख्या विशाल है, विकास की आकांक्षा प्रबल है और संसाधनों पर दबाव निरंतर बढ़ रहा है। एक ओर सौर ऊर्जा, हरित परिवहन, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण और वृक्षारोपण जैसे प्रयास हो रहे हैं, दूसरी ओर नदियों में गंदगी, नगरों में धुआँ, खेतों में रासायनिक निर्भरता और प्लास्टिक का फैलाव चिंता का विषय बना हुआ है। इसका अर्थ यह है कि नीति और व्यवहार के बीच अभी भी दूरी बनी हुई है। योजनाएँ बनना पर्याप्त नहीं, उनका समाज में संस्कार बनना आवश्यक है।

यदि पूर्वांचल, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, बस्ती और आसपास के क्षेत्रों की स्थिति देखी जाए, तो स्थानीय स्तर पर भी अनेक संकेत स्पष्ट हैं। पुराने तालाबों का अस्तित्व घटा है, अनेक पोखरे अतिक्रमण की भेंट चढ़े हैं, वर्षा का जल संग्रहित होने के स्थान कम हुए हैं, पेड़ों की संख्या घटी है, और गर्मी का प्रभाव बढ़ा है। गाँवों में पहले आम, नीम, पीपल, बरगद और बांस के समूह तापमान को संतुलित रखते थे। आज ऐसे प्राकृतिक छायास्थल कम होते जा रहे हैं। यह केवल सौंदर्य का नहीं, जीवन रक्षा का प्रश्न है।

एक तथ्य प्रायः विमर्श से बाहर रह जाता है कि पर्यावरण संकट का सबसे अधिक भार

निर्धन वर्ग उठाता है। जिनके पास साधन हैं, वे शीतलन यंत्र लगा सकते हैं, जल खरीद सकते हैं, बेहतर स्थान पर जा सकते हैं; पर खेत में काम करने वाला किसान, रिक्शा चलाने वाला श्रमिक, दिहाड़ी मजदूर, फुटपाथ व्यापारी और कच्चे घर में रहने वाला परिवार सीधी मार झेलता है। इसलिए पर्यावरण का प्रश्न केवल प्रकृति का नहीं, सामाजिक न्याय का भी प्रश्न है। जो जितना कम दोषी है, वह उतना अधिक पीड़ित दिखाई देता है।

शिक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर विचार आवश्यक है। विद्यालयों में पृथ्वी दिवस पर भाषण, चित्रकला और पौधारोपण होते हैं, पर अगले ही दिन वही परिसर प्लास्टिक और अपव्यय से भर जाता है। बच्चों को पाठ पढ़ाया जाता है, पर जीवन अभ्यास नहीं कराया जाता। यदि प्रत्येक विद्यालय वर्षा जल संचयन, कचरा पृथक्करण, खाद निर्माण, रसोई उद्यान और ऊर्जा बचत का आदर्श केंद्र बने, तो नई पीढ़ी स्वभाव से पर्यावरण संरक्षक बन सकती है। पुस्तकीय ज्ञान से अधिक प्रभाव व्यवहारिक अनुशासन का होता है।

कृषि क्षेत्र में भी परिवर्तन की आवश्यकता है। मिट्टी की उर्वरता निरंतर घट रही है। रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता बढ़ी है, सिंचाई महंगी हुई है और जल स्तर नीचे जा रहा है। यदि प्राकृतिक खेती, कम जल वाली फसलें, सूक्ष्म सिंचाई, फसल चक्र, जैविक खाद और स्थानीय बीजों का संरक्षण बढ़ाया जाए, तो भूमि और किसान दोनों को लाभ होगा। खेती केवल उत्पादन का साधन नहीं, धरती की रक्षा का माध्यम भी है। किसान यदि सशक्त होगा, तो पर्यावरण भी सुरक्षित होगा।

नगरों के लिए समाधान अलग प्रकार के हैं। सार्वजनिक परिवहन मजबूत हो, पैदल पथ और साइकिल पथ बढ़ें, भवन निर्माण में ऊर्जा बचत अनिवार्य हो, खुले मैदान और हरित पट्टी सुरक्षित रखी जाए, और कचरे का



फोटो : एआई

वैज्ञानिक निस्तारण हो। नगर निकाय यदि केवल सफाई तक सीमित न रहकर संसाधन प्रबंधन की संस्था बनें, तो व्यापक परिवर्तन संभव है। नगरों को फैलाने के साथ-साथ उन्हें सांस लेने योग्य बनाना भी उतना ही आवश्यक है।

अब सामान्य नागरिक की भूमिका पर विचार करें। प्रत्येक व्यक्ति बहुत कुछ कर सकता है। एकल उपयोग प्लास्टिक छोड़ सकता है, जल का संयमित प्रयोग कर सकता है, अनावश्यक प्रकाश और विद्युत उपकरण बंद रख सकता है, निजी वाहन का कम उपयोग कर सकता है, स्थानीय वस्तुओं को प्राथमिकता दे सकता है, वृक्षों की रक्षा कर सकता है, कचरा अलग-अलग कर सकता है और बच्चों को प्रकृति से जोड़ सकता है। छोटे कदम तुच्छ नहीं होते; जब करोड़ों लोग उन्हें अपनाते हैं, तो वही राष्ट्रीय परिवर्तन बनते हैं।

शासन के लिए भी कुछ स्पष्ट दिशाएँ हैं। जलाशयों और नदियों पर अतिक्रमण रोका जाए, प्रदूषण फैलाने वालों पर त्वरित दंड हो, प्रत्येक जिले के लिए जल योजना बने, ग्राम पंचायतों को पर्यावरण निधि मिले, वृक्ष कटान पर कठोर नियंत्रण हो, और विकास योजनाओं का वास्तविक पर्यावरणीय मूल्यांकन किया जाए। केवल कागज पर अनुमति देकर प्रकृति की रक्षा नहीं हो सकती। प्रशासनिक इच्छाशक्ति आवश्यक है।

आज पृथ्वी दिवस का सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं कि हमने कितने पौधे लगाए, बल्कि यह है कि हमने कितने वृक्ष बचाए। प्रश्न यह नहीं कि कितने भाषण हुए, बल्कि यह है कि कितनी आदतें बदलीं। प्रश्न यह नहीं कि कितनी योजनाएँ बनीं, बल्कि यह है कि कितने तालाब बचे, कितनी नदियाँ स्वच्छ हुईं, कितनी हवा शुद्ध हुई और कितनी मिट्टी स्वस्थ हुई।

पृथ्वी हमारे पूर्वजों की छोड़ी संपत्ति मात्र नहीं है, यह आने वाली पीढ़ियों से लिया गया उधार है। यदि हम इसे नष्ट अवस्था में सौंपेंगे, तो यह नैतिक अन्याय होगा। इसलिए अब समय है कि विकास और प्रकृति को विरोधी नहीं, सहयोगी मानकर आगे बढ़ा जाए। सच्ची समृद्धि वही है जिसमें उद्योग भी बढ़े, खेत भी बचे, वन भी रहें, जल भी बचे और मनुष्य भी स्वस्थ रहे।

धरती को नारे नहीं चाहिए, उत्तरदायी समाज चाहिए। पौधा लगाना आरंभ है, उसे बचाना धर्म है। जल बचाना कर्तव्य है। प्रदूषण रोकना आत्मरक्षा है। जब समाज यह समझ लेगा कि पर्यावरण बाहर की वस्तु नहीं, हमारे अस्तित्व का आधार है, तभी पृथ्वी दिवस का वास्तविक अर्थ सिद्ध होगा। तभी मानव प्रगति और प्रकृति संरक्षण साथ-साथ चल सकेंगे।

रासायनिक मित्रता

फोटो : एआई

गुरुवर श्री अशोक मानव इसको नकारते हुए और समझाते हुए कहते है कि "यदि हम समझना चाहे तो पशु पक्षियों को देखकर समझ सकते है उनके पास भी सब है, वे कौन सी नौकरी कर रहे है। उन्हें कौन दे रहा है? बल्कि वे हमसे कहीं ज्यादा आनन्दित है, जिस आनन्द के लिए सभी का जन्म हुआ है। वे अपनी मर्जी का जीवन जी रहे है।"

उमेश मानव

अगर यूं कहाँ जाये कि हमें शांत रहना चाहिए, अपने को स्थिर भाव में रखकर हम सुख से अपना जीवन सफर पूरा कर सकते है। यह उचित लगाता है क्योंकि दिमाग लगाकर उकसावे में काम करते है तो वह व्यर्थ ही होगा। आज के मानव की जो स्थिति है वह बेहतर नहीं कही जा सकती। हर प्रकार से आज का मनुष्य दयनीय दशा में ही जी रहा है। उसमें वह स्वयं को बहुत उन्नत और समझदार मानता है कि मैंने इतना सब कर डाला बना डाला। जो कुछ भी है वह मेरी मेहनत है। मानव कि यह सोच की जो कुछ मेरे पास है वह सब कुछ मेरे द्वारा है। जो भी पद प्रतिष्ठा है वह मैंने स्वयं से कमाई है। भौतिक चीजों के साथ-साथ जो रिश्ते नाते है वह सब मेरी ही बदौलत है। यह अहम और यही वहम हमें जीवनभर रहता है। इसी अहम को पूर्ण करने चक्कर में आज भी सभ्य मानव जाति लगी हुई है। जिसको पूरा करने के लिए वह मासूम और बेजुबानों का खून भी बहा रहा है। हासिल सिफा। गुरुवर श्री अशोक मानव इसको नकारते हुए और समझाते हुए कहते है कि "यदि हम समझना चाहे तो पशु पक्षियों को देकर समझ सकते है उनके पास भी सब है, वे कौन सी नौकरी कर रहे है। उन्हें कौन दे रहा है? बल्कि वे हमसे कहीं ज्यादा आनन्दित है, जिस आनन्द के लिए सभी का जन्म हुआ है। वे अपनी मर्जी का जीवन जी रहे है।" गुरुवर स्पष्ट कहते है कोई कुछ नहीं कर सकता यह सब कुछ स्वयं में स्वचालित है। कोई भी इतना शक्तिशाली नहीं कि प्रकृति की इस स्वचालित प्रवृत्ति में तनिक भी छेड़छाड़ कर सके। जो कुछ हमारे पास है जो कुछ हमारे साथ हो रहा है वह सब स्वचालित प्रणाली की ही गति से है। प्रकृति की इसी गति में एहसास युक्त हो आनन्द ले रहा है हमारा जीव जगत। वहीं हम मानव

इसके विपरीत विचलित रहते है। शेषगीता के सार को समझ सकें तो आनन्द का भाव जागे। अभी तो अहम हावी है।

हम सभी अकसर इसी उधेड़बुन में रहते है कि यह मेरा है, यह मेरा मित्र है, अमुक व्यक्ति हमारा मित्र नहीं है। उपरोक्त को इंगित करते गुरुवर कहते है कोई मित्र नही होता, कोई शत्रु नही होता।यह विचार हमारा भ्रम और सामाजिम दिखावा भर ही है। मित्रता के रहस्य को गुरुवर समझाते हुए कहते है कि यह एक रसायनिक मिलान है। यह सृष्टि के प्रारम्भ में जब विस्फोट हुए, जिससे अवस्थायें बिखरी, उस समय जब एक कण विभाजित होकर अलग अलग जगह पर गया, परन्तु रासायनिकता एक होने पर जुड़ाव बना रहा। दूर-दूर रहने पर भी गुणात्मक प्रभाव एक दूसरे पर रहा। यह रहस्यात्मक चुम्बकीय बल एक दूसरे को आकर्षित करता रहा। अब इस जीवन में जो जो व्यक्ति उस प्रथम अवस्था का सामान, यानि रासायनिक गुण लिए है। वह हमारे सम्पर्क में आता ही है और हम उसे अपना मित्र मानने लगते है। जिसके पास हमारा जितना रसायन होगा वह हमारा उतने भर का मित्र, हमारा उसका साथ उतना रहेगा ही रहेगा। किसी के पास ज्यादा होगा तो वह हमारा गहरा मित्र, जिनके पास कम है, वे हमारे थोड़े समय के मित्र । गुरुवर यह भी बताते है कि जरूरी नहीं की ऐसे मित्र साथ हो या पास हो वे बहुत दूरी से भी हमारा रासायनिक सहयोग करते रहते है। उनकी ऊर्जा हम तक अपना रास्ता बना ही लेती है। इसमें गुरुवर और भी बात स्पष्ट करते है। वे बताते है कि यह गुणात्मक या रासायिनक लेनदेन अवश्य ही होता है। इससे कोई बच नही सकता। हम यह भी देखते है कि रिश्ते या मित्रता कभी गहरी रहती है तो कभी टूट जाती है। आचनक ही द्वेष होने लग जाता है। ऐसे समय के लिए गुरुवर कहते है कि जब रासायनिक मिलान पूरा हो जाता है। तब जुड़ाव का कोई अर्थ नहीं रहता, अब अवस्थाएं स्वतंत्र हो जाती है। क्योंकि जो लेनदेन था, जिसको जो गुण देना था और

गुरुवर कहते है कि हमारे विकास को जिस गुणात्मक धनात्मकता की जरूरत होगी वह हम तक आयेगी और कोई शक्ति नहीं जो उसे रोक सके। बस हमें अपनी हरकतों पर ध्यान देना है कि हमारी वजह से कोई रूकावट न आने पाये। आम जीवन में हम इसे यूं परख सकते है कि जब किसी का मित्र छूट जाता है, ऐसे समय में वे जो इसे होनी मानकर स्वीकार कर लेते है और जीवन में आगे बढ़ जाते है।

जिसको गुण लेना था, जिसका वह गुण था वह कार्य अब पूर्ण हो गया। अब किसी पर किसी का कोई बोझ नहीं रहा। गुरुवर कहते है कि जब किसी का रासायनिक लेनदेन रहता है तो वो सभी असहज रहते है। जैसे कुछ काम रह गया हो। कुछ बाकी हो जो पूरा होना जरूरी है। जैसे ही वह पूरा होता है सहज अवस्था आ जाती है। इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते है। मान ले आप कही बाहर जा रहे है और सुरक्षा की दृष्टि से आपने अपना कीमती सामान अपने किसी परिचित के पास रखा दिया है। अब यह असहज वाली स्थिति हो जाती है। जहाँ आप सामान रखा देने के बाद यह सोचते है कि कहीं आपका परिचित लपरवाही तो नहीं करेगा, सामान ठीक से रखेगा ना। और दूसरी तरफ वह व्यक्ति परेशान रहेगा कि सामान को जल्दी से जल्दी लौटा दें। दोनों ही परेशान। जैसे ही आप वापस आते है और सामान आपको प्राप्त हो जाता है। वैसे ही दोनों व्यक्ति सहज हो जाते है। यह है रासायनिक लेनदेन की कहानी। जरा विचार करें कि कहीं यह लेनदेन पूरा होने से रह गया कोई रुकावट आ गई तब क्या हो सकता है। प्रकृति गति के अनुसार लेनदेन तो पूरा होना ही है। अब आप जन्मों का रहस्य समझ सकते है।

गुरुवर द्वारा आज के बनते बिगड़ते रिश्तो का रहस्य उजागर किया गया। आज हर तरफ रिश्तों का अंगारक योग दिख रहा । ऐसे में हर कोई अपने रिश्तों को लेकर परेशान ही दिख रहा है। कोई आज मित्र है, फिर मित्रता खत्म हो गई, लोग ऐसे में सहज नहीं रह पाते, दर्द में रहते है। गुरुवर ऐसे में समझाते है कि " जो जा रहा है, जाने दिजिए, वह अपके लिए मुसीबत है। जिसे प्रकृति दूर कर रही है, जा रहा अर्थात आपका नहीं है, विपरीत गुणधारी है तभी दूर होगा, उसे न रोके। यदि बल प्रयोग करके आप रोकते है तो वह विपरीत गुण का होने की वजह से हमारे लिए असहज होगा और हमारे लिए अप्रिय रहेगा। यदि वह हमारा ही है हमारे रासायन का है तो वह स्वयं ही वापस आयेगा। इन परिस्थियों में घबराना नहीं चाहिए। गुरुवर कहते है कि हमारे विकास को जिस गुणात्मक धनात्मकता की जरूरत होगी वह हम तक आयेगी और कोई शक्ति नहीं जो उसे रोक सके। बस हमें अपनी हरकतों पर ध्यान देना है कि हमारी वजह से कोई रूकावट न आने पाये। आम जीवन में हम इसे यूं परख सकते है कि जब किसी का मित्र छूट जाता है, ऐसे समय में वे जो इसे होनी मानकर स्वीकार कर लेते है और जीवन में आगे बढ़ जाते है। वे प्रसन्न रहते है और जीवन मे सफल होते है। अपने साथ-साथ सभी का ध्यान रखते है। वहीं दूसरे लोग जो मित्र छूटने को सदमें की तरह लेते है और दुखी रहते है। अपने को अभागा मान लेते है। दुनिया को कोसते है। वे अपना जीवन कष्टपूर्ण बना लेते है। दुखी रहते हुए अपना जीवन गुजार देते है। ऐसे में वे औरों का भी जीवन कष्टकारी बना देते है ।

गुरुवर अशोक मानवजी द्वारा बताया गया स्वतः संचालित अवस्था को स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए। किसी तरह का कोई दिमाग नहीं लगाना चाहिए न ही कोई विरोध की अवस्था बनानी चाहिए क्योंकि उससे दुख ही होगा।। इसे समझकर जीने से सरल कुछ नहीं, पर यह उतना ही कठिन भी है क्योंकि लोग दिमाग लागते है और अहम में ही जीते है।

चुनौतियाँ

(1) कच्चे माल की उपलब्धता एक बड़ी समस्या है, क्योंकि कच्चे माल की उपलब्धता मौसमी निर्भरता पर आधारित है, इससे आपूर्ति श्रृंखला की कमी देखी जा सकती है।

(2) मशीनरी की लागत, गुणवत्ता नियंत्रण तथा तकनीकी नियंत्रण जैसी समस्याएँ आ सकती हैं।

(3) ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी का अभाव है, इसलिए अभी तक इस सुविधा को लोकप्रिय नहीं बनाया जा सका है।

(4) इसके संग्रहण और परिवहन की समस्या पूर्णतः हल नहीं हुई है, जिसके लिए आवश्यक प्रबंध किए जाने चाहिए।

(5) कई स्थानों पर सरकारी नीतियों का सही क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। इसके लिए पर्याप्त निगरानी और सक्रियता अपेक्षित है।

बायो पैलेट ऊर्जा - स्रोत से अपार संभावनाएँ

(1) इससे हरित ऊर्जा का विस्तार होगा तथा बायो पैलेट भविष्य में कोयले का प्रमुख विकल्प बन सकता है।

(2) इससे ग्रामीण विकास में आशातीत सफलता मिलेगी, क्योंकि यह रोजगार सृजन और किसान की आय - वृद्धि का साधन बनेगा।

(3) पर्यावरण में सुधार होगा, क्योंकि इससे वायु प्रदूषण में कमी होगी। साथ ही पराली जलाने की समस्या का समाधान होगा।

(4) औद्योगिक उपयोग में वृद्धि के लिए बड़ी कंपनियाँ इसे अपनाने लगी हैं

(5) वैश्विक बाजार में निर्यात की संभावना और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में मांग बढ़ेगी।

अस्तु, बायो पैलेट एक ऐसा ऊर्जा स्रोत है, जो पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक विकास और ऊर्जा सुरक्षा—तीनों को संतुलित करता है। यह न केवल जीवाश्म ईंधनों का विकल्प है, अपितु एक सतत भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी है। भारत जैसे देश में, जहाँ कृषि अपशिष्ट प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, बायो पैलेट का उपयोग न केवल ऊर्जा उत्पादन में क्रांति ला सकता है, अपितु प्रदूषण नियंत्रण और ग्रामीण विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

अतः यह कहा जा सकता है कि बायो पैलेट भविष्य का ईंधन है—स्वच्छ, सस्ता और सतत।

किवी फल: सेहत का प्राकृतिक खज़ाना

सिद्धार्थ जैन
जयपुर (राज०)

फोटो : एआई

आज के दौर में जब जीवनशैली तेजी से बदल रही है और खान-पान में असंतुलन बढ़ता जा रहा है, तब प्राकृतिक फलों का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। किवी ऐसा ही एक फल है, जो आकार में छोटा जरूर होता है, लेकिन इसके अंदर पोषक तत्वों का खज़ाना छिपा होता है। यह पहाड़ी क्षेत्रों में उगने वाला फल है, जिसकी खेती इटली, न्यूज़ीलैंड, ग्रीस, टर्की, जापान, फ्रांस और चीन जैसे देशों में बड़े पैमाने पर की जाती है। भारत में भी अब इसकी खेती धीरे-धीरे बढ़ रही है, खासकर ठंडे इलाकों में। बाहर से हल्के भूरे रंग और रोएंदार छिलके वाला यह फल अंदर से चमकीले हरे रंग का होता है, जिसमें छोटे-छोटे काले बीज होते हैं। इसका खट्टा-मीठा स्वाद इसे और भी खास बना देता है।

किवी को पोषण का पावरहाउस कहा जाए तो यह बिल्कुल गलत नहीं होगा। इसमें विटामिन सी, विटामिन के, विटामिन ई, विटामिन बी6 और बी12 जैसे महत्वपूर्ण विटामिन्स पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें फोलिक एसिड, फाइबर, पोटैशियम, जिंक और कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट्स भी मौजूद होते हैं। ये सभी तत्व मिलकर शरीर को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और कई बीमारियों से बचाव करते हैं।

किवी का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। इसमें मौजूद विटामिन सी शरीर की कोशिकाओं की मरम्मत करने में मदद करता है और संक्रमण से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है। नियमित रूप से किवी का सेवन करने से सर्दी-खांसी जैसी सामान्य समस्याओं से भी राहत मिलती है। इसके साथ ही, इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को फ्री-रेडिकल्स से बचाते हैं, जिससे गंभीर बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। त्वचा की देखभाल के लिए भी किवी बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को लंबे समय तक जवान बनाए रखने में मदद करते हैं।

पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में भी किवी की अहम भूमिका होती है। इसमें पर्याप्त मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो कब्ज की समस्या को दूर करता है और पाचन क्रिया को सुचारु बनाता है। किवी में पाया जाने वाला एक विशेष एंजाइम प्रोटीन को पचाने में मदद करता है, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है और पेट से जुड़ी समस्याएं कम होती हैं।

गर्भवती महिलाओं के लिए भी किवी का सेवन लाभकारी माना जाता है, क्योंकि इसमें फोलिक एसिड पाया जाता है, जो भ्रूण के विकास में मदद करता है। यह बच्चे के मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के सही विकास के लिए जरूरी होता है। हालांकि, इस दौरान किसी भी फल का सेवन डॉक्टर की सलाह से करना अधिक सुरक्षित रहता है।

किवी खून की कमी को दूर करने में भी सहायक होता है। यह शरीर में आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है, जिससे हीमोग्लोबिन का स्तर बेहतर होता है। इसलिए एनीमिया से पीड़ित लोगों के लिए यह फल काफी फायदेमंद हो सकता है।

हृदय स्वास्थ्य के लिए किवी एक अच्छा विकल्प माना जाता है। इसमें मौजूद पोटैशियम और फाइबर ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करते हैं और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित करते हैं। इससे हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। इसके अलावा, यह वजन को नियंत्रित रखने में भी सहायक होता है क्योंकि इसमें कैलोरी कम और फाइबर अधिक होता है, जिससे पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है।

मधुमेह रोगियों के लिए भी किवी सुरक्षित फल माना जाता है, क्योंकि इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। यह ब्लड शुगर को तेजी से नहीं बढ़ाता, जिससे इसे सीमित मात्रा में डायबिटीज के मरीज भी खा सकते हैं। साथ ही, यह हड्डियों को मजबूत बनाने में भी मदद करता है, क्योंकि इसमें विटामिन के और अन्य आवश्यक खनिज तत्व मौजूद होते हैं, जो ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों से बचाव करते हैं। किवी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करने में भी सहायक माने जाते हैं। यह शरीर में हानिकारक तत्वों को खत्म करने में मदद करता है और कोशिकाओं को स्वस्थ बनाए रखता है। हालांकि, यह किसी बीमारी का इलाज नहीं है, लेकिन इसके नियमित सेवन से शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता जरूर बढ़ती है।

अक्षय तृतीया पर्व ही नहीं, अर्थव्यवस्था का गतिशील चक्र

सौरभ वार्ष्णेय
उत्तमनगर,दिल्ली

अक्षय अर्थात जो कभी क्षय न हो-यानी इस दिन किया गया पुण्य, दान या निवेश अनंत फलदायी माना जाता है। यही कारण है कि इस अवसर पर सोने-चांदी की खरीदारी केवल एक धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक-आर्थिक परंपरा भी बन चुकी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन धन की देवी माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की विशेष कृपा मानी जाती है। सोना-चांदी, जो समृद्धि और स्थायित्व के प्रतीक हैं, इस दिन खरीदे जाएं तो घर में सुख-समृद्धि का स्थायी वास होता है- ऐसी जनमान्यता है। यही विश्वास पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता आया है ।

देश में अक्षय तृतीया पर्व आस्था ही नहीं अर्थव्यवस्था से जुड़ा पर्व है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में त्योहार केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं होते, बल्कि वे सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी गति देते हैं। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पर्व है अक्षय तृतीया, जिसे हिंदू और जैन परंपराओं में अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन बिना मुहूर्त के विवाह, गृह-प्रवेश, और विशेष रूप से सोना-चांदी खरीदने की परंपरा है। यही परंपरा इसे केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना देती है।

अक्षय तृतीया के अवसर पर सोने-चांदी की खरीदारी में अचानक वृद्धि होती है। ज्वेलरी उद्योग, जो पहले से ही भारत में मजबूत है, इस दिन अपनी सालाना बिक्री का बड़ा हिस्सा अर्जित करता है। इससे न केवल आभूषण कारोबारियों को लाभ होता है, बल्कि खनन, आयात, परिवहन और रिटेल जैसे जुड़े हुए क्षेत्रों में भी गतिविधियां तेज हो जाती हैं।

यह पर्व खासतौर पर ग्रामीण भारत में भी गहरी पैठ रखता है। किसान इस दिन को नई फसल, बीज बोने या कृषि निवेश के लिए शुभ मानते हैं। इससे कृषि क्षेत्र में नकदी का प्रवाह बढ़ता है और स्थानीय बाजारों में लेन-देन तेज होता है।

अक्षय तृतीया पर सोने की खरीद को लोग निवेश के रूप में भी देखते हैं। भारतीय परिवारों में सोना केवल आभूषण नहीं, बल्कि एक सुरक्षित संपत्ति के रूप में माना जाता है। इस प्रकार यह पर्व उपभोग और निवेश-दोनों को एक साथ बढ़ावा देता है, जो अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है।

अब समय के साथ अक्षय तृतीया का स्वरूप भी बदल रहा है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और डिजिटल गोल्ड जैसी सुविधाओं ने इस

पर्व को नई दिशा दी है। ऑनलाइन खरीदारी से बाजार का दायरा बढ़ा है और छोटे शहरों तक भी इसकी पहुंच आसान हो गई है। अक्षय तृतीया केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक मिनी-इकोनॉमिक बूस्टर की तरह काम करता है। यह पर्व परंपरा और आधुनिकता के संगम के साथ मांग, निवेश और व्यापार को गति देता है। इसलिए अक्षय तृतीया को केवल पूजा और शुभ कार्यों तक सीमित करके देखना अधूरा होगा- यह वास्तव में देश की अर्थव्यवस्था के चक्र को गतिमान रखने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर है।

अर्थव्यवस्था का सुनहरा संगम

'अक्षय अर्थात जो कभी क्षय न हो- यानी इस दिन किया गया पुण्य, दान या निवेश अनंत फलदायी माना जाता है। यही कारण है कि इस अवसर पर सोने-चांदी की खरीदारी केवल एक धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक-आर्थिक परंपरा भी बन चुकी है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन धन की देवी माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की विशेष कृपा मानी जाती है। सोना-चांदी, जो समृद्धि और स्थायित्व के प्रतीक हैं, इस दिन खरीदे जाएं तो घर में सुख-समृद्धि का स्थायी वास होता है- ऐसी जनमान्यता है। यही विश्वास पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता आया है और आज भी उतना ही प्रासंगिक है।लेकिन इस परंपरा का एक अहम आर्थिक पक्ष भी है। भारत जैसे देश में, जहां सोना केवल आभूषण नहीं बल्कि एक सुरक्षित निवेश का माध्यम भी है, अक्षय तृतीया जैसे अवसर बाजार में नई ऊर्जा भरते हैं। ज्वैलरी उद्योग, छोटे कारीगर, खुदरा व्यापारी- सभी के लिए यह दिन व्यापारिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होता है। यह मांग अर्थव्यवस्था के चक्र को गति देती है और उपभोग को बढ़ावा देती है।हालांकि, इस परंपरा के साथ कुछ सवाल भी जुड़े हैं। क्या हर व्यक्ति के लिए इस दिन सोना खरीदना आवश्यक है? क्या सामाजिक दबाव या दिखावे की भावना इस परंपरा को प्रभावित

कर रही है? आज जरूरत इस बात की है कि हम परंपरा और विवेक के बीच संतुलन बनाएं। निवेश सोच-समझकर हो, न कि केवल परंपरा के दबाव में। अक्षय तृतीया हमें यह सिखाती है कि समृद्धि केवल धन-संपत्ति में नहीं, बल्कि संतुलित और विवेकपूर्ण जीवनशैली में निहित है। सोना-चांदी की खरीदारी इस दिन शुभ मानी जा सकती है, लेकिन असली 'अक्षय' वही है जो ज्ञान, संतुलन और सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में हमारे जीवन में स्थायी हो।

मल्टीप्लायर इफेक्ट अर्थव्यवस्था की गति तेज

भारतीय परंपरा में अक्षय तृतीया को सदैव शुभ माना जाता है- ऐसा दिन जब बिना मुहूर्त देखे भी कोई भी नया काम शुरू किया जा सकता है। यही सांस्कृतिक विश्वास इसे सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण बना देता है। इस दिन सोना-चांदी, वाहन, रियल एस्टेट और उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री में तेज उछाल आता है। ज्वेलरी बाजार में तो यह पीक सीजन होता है। दुकानदार विशेष ऑफर, छूट और नई कलेक्शन लॉन्च करते हैं, जिससे बाजार में नकदी का प्रवाह बढ़ता है और छोटे-बड़े कारोबारियों को सीधा लाभ मिलता है।अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक सुरक्षित निवेश विकल्प भी माना जाता है। लोग फिजिकल गोल्ड के साथ-साथ डिजिटल गोल्ड, गोल्ड श्वञ्जस्न और अन्य वित्तीय साधनों में भी निवेश करते हैं। इस तरह यह पर्व बचत को निवेश में बदलने की मानसिकता को मजबूत करता है- जो किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। त्योहारों का सीधा संबंध उपभोग से होता है। नए कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, गृह-सज्जा, वाहन- इन सभी की खरीदारी बढ़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी फसल कटाई के बाद यह समय खर्च बढ़ाने का होता है, जिससे मांग में व्यापक वृद्धि होती है। जब लोग खरीदारी करते हैं, तो सिर्फ एक सेक्टर नहीं, बल्कि पूरी सप्लाई चेन सक्रिय हो जाती है- उत्पादन, लॉजिस्टिक्स, रिटेल, सर्विस सेक्टर सभी को फायदा मिलता है। यही मल्टीप्लायर इफेक्ट अर्थव्यवस्था की गति को तेज करता है।

बढ़ती गर्मी के प्रकोप से 'लू' लगने की संभावना एवं समाधान

डॉ. बी.आर. नलवाया
मन्दसौर (म.प्र.)

फोटो : एआई

मध्यप्रदेश में गर्मी के तेवर तेज हो गये है, आगामी मई और जून से तेवर और बढ़ेंगे अब यह तापमान 44 डिग्री पार करने वाला है। इस तरह अगले सप्ताह लू की चपेट पूरे देश में पाई जाएगी। इसके साथ ही देश के अनेक भागों में अधिक तापमान बढ़ता जा रहा है। पिछले वर्षो से लू का आलम बढ़ता हुआ देखा है। 2024 में औसतन 20 दिन लू चली। भारत जल्द ही उन देशों में होगा, जहां हिटवेव मानवीय सहनशक्ति की सीमा को पार कर जाएगी इससे डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक तो होगा ही अधिक तापमान से वायरस, बैक्टीरिया और मच्छर मक्खी जैसे वेक्टर तेजी से पनपेंगे जो भविष्य में नई महामारी को न्योता दे सकते हैं। ऐसी स्थिति में इससे बचना बहुत आवश्यक है। गर्मी की तेज धूप और झुलसा देने वाली गरम हवाओं को 'लू' कहा जाता है। 'लू' लगना ग्रीष्मकाल की बीमारी है। 'लू' गर्मी के प्रकोप के कारण फैलती है ,जब हवाएँ और गर्म हो जाती है। ये हवाएँ तेज और शुष्क होने के कारण वातावरण की नमी सोख लेती है। इसके कारण मनुष्य के शरीर में नमक और पानी का बड़ा हिस्सा शरीर से निकलता तो खून की गरमी बढ़ने लगती है। इसके कारण प्यास बहुत अधिक लगती और सिर में भारीपन मालूम होने लगता है। गर्मी बढ़ने से तन शिथिल हो जाता है व त्वचा झुलस जाती है। शारीरिक गर्मी बढ़ने से मनुष्य 'लू' की चपेट में आ जाता हैं 'लू' लगने के कई कारण है। इसमें अधिक देर तक गर्म तेज हवा में घूमने-फिरने से, घूप में नंगे पावं चलने, शारीरिक रूप से कमजोरी, पोष्टिक आहार न लेना। 'लू' लगने की अवस्था में शरीर के अंदर तापमान को नियंत्रण में रखने वाली प्रणालियाँ काम करना बंद कर देती है, जिससे शरीर के तापमान में वृद्धि होती और यह तापमान बढ़कर 106 से 108 डिग्री सेल्सियस हो जाता है। इससे ज्वर की तीव्रता से सिर में दर्द, बैचेनी, चक्कर आना, आँखों में जलन, अचानक बेहोशी, नाड़ी की गति में तेजी, खून की गति में तेजी और शरीर में ऐंठन लगती है, कभी-कभी उल्टियाँ भी होती तथा हाथ और पैर के तलुओं में जलन भी होती है।

दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डी.के. शर्मा ने बताया कि गर्मी में पसीन के कारण अधिक पानी निकल जाने से "डिहाइड्रेशन" यानि शरीर में पानी की कमी हो जाती है। डॉ. शर्मा का कहना है कि पसीना निकलना शरीर के सही तापमान को बनाए रखने के लिए आवश्यक है, लेकिन समस्या तब होती है जब पसीना निकलने के अनुपात में शरीर में पानी की पूर्ति नहीं हो पाती है , जाहिर है कि पानी की कमी से शरीर का तापमान बढ़ने लगता है । इससे शारीरिक अंगों को नुकसान होने लगता है।

डॉ. यासिर रिजवी के मुताबिक सादा पानी हमारे शरीर के लिए उत्तम होता है। इसलिए धूप में बाहर निकलने से पहले पानी पीलें और अपने साथ हमेशा पानी की बोतल रखें। वैसे तो बाजार में ज्यूस और कई सपोर्ट ड्रिंक भी उपलब्ध होते है, लेकिन डॉ. रिजवी कहते है, कि इनका सेवन नहीं करना चाहिए इनसे शरीर को फायदा नहीं होता।

डॉ. एस.के. बोस के अनुसार धूप में निकलने से पहले सन स्क्रीन क्रीम लगाना लाभदायक होता है।

लू के घरेलू उपचार

लू लगने पर तत्काल चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने पर निम्न उपचार करना चाहिए -

- डाक्टर के आने तक रोगी को तौलिया या चादर को पानी में भिगोंकर ओढ़ा देना, पहने हुए वस्त्र को हल्के वस्त्र में बदल देना और थोड़ी-थोड़ी देर में चादर को बदलना चाहिए।
- यदि बुखार 104 डिग्री से अधिक होने पर बर्फ की पट्टी सीर पर रखना चाहिए। इसको बार-बार बदलते रहने से बुखार जल्दी से उतारने का प्रयास करना चाहिए।
- लू लगे रोगी को प्याज का रस में शहद देकर चटाने के साथ प्याज का रस को पैरों के तले पर बार-बार रगड़ना चाहिए।
- रोगी को कुछ खिलाएँ नहीं इससे उल्टी हो सकती है।
- जौं का आटा व पीसा प्याज मिलाकर शरीर पर लेप करने से लू से तुरन्त आराम मिलता है। क्योंकि जो शीतलता प्रदान करता है व गर्मी दूर भगाता है।
- कैरी का पना विशेष लाभदायक होता है। कच्ची कैरी गरम राख पर मंद आँच वाले अंगार में भुनकर उसे गुदा को पानी में मसलकर उसमें जीरा, धनियां, शक्कर,काली मिर्च डालकर पना रोगी को पिलाना चाहिए इसके साथ बाहर जाने के पहले इसका सेवन कर लू से बचा जा सकता है।
- घर का वातावरण शीतल रखने का प्रयत्न करना चाहिए। सर्वप्रथम यह प्रयास करना आवश्यक है कि मरीज को ठंडे स्थान पर आराम करवाया जाए।
- इन उपायों के साथ ही गरिष्ठ वस्तुओं को कुछ समय के लिए तिलांजलि दे दे तो अच्छा होगा। भोजन में खटाई, आम-इमली की चटनी, नींबू, पुदीना व जीरा के उपयोग की मात्रा बढ़ा देना चाहिए।
- मोसम्बी फलों का सेवन लाभदायक रहता है जैसे - अंगूर, संतरा, खरबूजा, तरबूज, आम, लीची, आलू बुखारा आदि। बे मौसमी फलों का सेवन हानिकारक हो सकता है।

सूरज की परा बैंगनी किरणों से बचाव वाले चश्में का उपयोग करना चाहिए। वैसे तो साधारण चश्में का उपयोग भी किया जा सकता हैं। पैंट की जेब में ताजा प्याज रख लेने से लू से बचा जा सकता है। पसीने में तरबतर रहने पर भूल से जल्दबाजी में पानी नहीं पीना चाहिए। धूप के बाहर जाने के पूर्व गर्मी से बचने के लिए हल्के नरम, मुलायम, सूती कपड़े और ढीले ढाले ही कपड़े पहनना चाहिए।

लू से बचने के तरीके

लू से बचने के लिये दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। अगर बाहर जाना आवश्यक हो तो सिर और गर्दन को तौलियां से ढक लेना आवश्यक है ,वैसे 12 बजे से 4 तक दोपहर के समय को टालना चाहिए।

सूरज की परा बैंगनी किरणों से बचाव वाले चश्में का उपयोग करना चाहिए। वैसे तो साधारण चश्में का उपयोग भी किया जा सकता हैं। पैंट की जेब में ताजा प्याज रख लेने से लू से बचा जा सकता है। पसीने में तरबतर रहने पर भूल से जल्दबाजी में पानी नहीं पीना चाहिए। धूप के बाहर जाने के पूर्व गर्मी से बचने के लिए हल्के नरम, मुलायम, सूती कपड़े और ढीले ढाले ही कपड़े पहनना चाहिए। जिससे हवा और शरीर के पसीने को कपड़े सोखते रहेंगे। प्रातः काल नियमित स्नान किया जाए तो अच्छा है, इससे शरीर की त्वचा स्वस्थ, पसीन के त्वचा में जीम धूल की सफाई हो जाती है। इस ऋतु में शरीर को पानी व नमक भी बेहद जरूरत होती है। पानी की कमी से व्यक्ति को लू लगने की शत-प्रतिशत संभावना रहती है। अतः पानी खूब पीना चाहिए, प्यास ना लगने पर भी पानी पीना चाहिए 1 इसमें नींबू व नमक मिला लेना चाहिए। लीची व गुलाब का शरबत, पुदीने का पानी, लस्सी, गन्ने का रस, ताजे फलों का रस और ठंडाई पीएँ जा सकते है।

गर्मी के मौसम में चाय-काफी आदि गर्म वस्तुओं का सेवन कम करना है। इससे 'लू' की संभावना बढ़ती है। पानी में बर्फ का प्रयोग नहीं करना क्योंकि इसमें लाभ की अपेक्षा हानि हो सकती है। मिट्टी के घड़े या सुराही के पानी का प्रयोग करना लाभप्रद रहता है। इस प्रकार खान-पान संबंधी थोड़ी-सी सावधानी से 'लू' लगने से बचा जा सकता है।

सांसों से जुड़ती दुनिया योग और प्राणायाम का महत्व

मुकेश कुमार सिंह
योगाचार्य

आज का युग तेज़ रफ्तार और भागदौड़ भरी जिंदगी का युग है। हर व्यक्ति अपने काम, जिम्मेदारियों और लक्ष्यों को पूरा करने में इतना व्यस्त हो गया है कि वह अपनी सबसे मूलभूत क्रिया-सांस लेने-पर भी ध्यान नहीं दे पाता। अनियमित दिनचर्या, मानसिक तनाव और असंतुलित जीवनशैली ने इंसान को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बना दिया है। ऐसे समय में योग और प्राणायाम हमारे जीवन में संतुलन और शांति लाने का एक प्रभावी माध्यम बनकर सामने आते हैं।योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की एक कला है। वहीं प्राणायाम, यानी सांसों का सही नियंत्रण, हमें अपने भीतर झांकने और मन को शांत करने की शक्ति देता है। जब हम नियमित रूप से योग और प्राणायाम का अभ्यास करते हैं, तो न केवल हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि हमारा मन भी सकारात्मक और शांत बना रहता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर लोग देर रात तक जागते हैं, सुबह जल्दी उठकर काम में लग जाते हैं और अपने खान-पान तथा स्वास्थ्य की अनदेखी करते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि धीरे-धीरे उनका शरीर कमजोर होने लगता है और मन में बेचैनी बढ़ने लगती है। ऐसे में यदि व्यक्ति योग और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल कर ले, तो वह अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस कर सकता है। योग और प्राणायाम का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह हमें वर्तमान में जीना सिखाते हैं। जब हम अपनी सांसों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो हमारे मन के अनावश्यक विचार धीरे-धीरे कम होने लगते हैं और हमें भीतर से शांति का अनुभव होता है। यही शांति हमारे जीवन को संतुलित और खुशहाल बनाती है। इसके अलावा, योग लोगों को आपस में जोड़ने का भी कार्य करता है। जब विभिन्न पृष्ठभूमि के लोग एक साथ बैठकर योग करते हैं, तो वे अपनी भिन्नताओं को भूलकर एक ही लय में सांस लेते हैं। यह अनुभव उन्हें एकता और जुड़ाव का एहसास कराता है, जो आज के समाज में अत्यंत आवश्यक है। अंततः यह कहा जा सकता है कि योग और प्राणायाम केवल स्वास्थ्य सुधारने के साधन नहीं हैं, बल्कि यह एक बेहतर जीवन जीने की कला हैं। यह हमें सिखाते हैं कि सच्ची खुशी और शांति बाहरी दुनिया में नहीं, बल्कि हमारे भीतर ही मौजूद है। आवश्यकता केवल इसे पहचानने और अनुभव करने की है। इसलिए हमें चाहिए कि हम अपनी व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय निकालकर योग और प्राणायाम को अपनाएं, ताकि हम एक स्वस्थ, संतुलित और खुशहाल जीवन जी सकें। प्रातःकालीन योग और प्राणायाम एक सरल, सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य उपाय के रूप में सामने आते हैं। प्रतिदिन केवल 30 मिनट का अभ्यास भी शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रह सकते है। कुछ प्रमुख आसन और प्राणायाम नियमित करें।



योगाभ्यास के लिए सामान्य दिशा-

निर्देश

- किसी अनुभवी गुरू के मार्ग दर्शन में योगासन करना अधिक उपयोगी रहता है।
- शौच से निवृत्त होने के बाद योगासन करना चहिए।
- प्रातः सूर्योदय या सूर्यास्त के वक्त योग का सही समय होता है।
- योग खाली पेट करें। योग करने से 3 घंटे पहले कुछ न खायें।
- आसनों में शरीर की क्षमता का ध्यान अवश्य रखें जितना आसनी से संभव हो सके उतना ही झुके तथा शरीर को झुकाए। शरीर के साथ अनावश्यक रूप से जोर जबरदस्ती करना उचित नहीं होता है।
- योगासन में प्रतिस्पर्धा करने जैसी कोई बात नहीं होनी चाहिए । आसन करते समय मन में कोई दुर्विचार या तनाव न रखें।
- आरामदायक सूती कपडे.पहनें ।
- योग अभ्यास शांत एवं खुले वातावरण में आराम के साथ शरीर एवं मन को शिथिल करके करना चाहिए।
- अपना पूरा ध्यान अपने योग और अभ्यास पर ही केंद्रित करें।
- योग अभ्यास धैर्य और दृढता से करें।
- सर्वप्रथम योगासन , तत्पश्चात प्राणायाम और अंत मे ध्यान जरूर करें।
- यदि आप उच्च रक्तचाप या चक्कर आता है जो प्रारम्भ में शीर्षसन एवं मयूर आसन न करें।
- आसनों के अभ्यास के बाद शवसान अवश्य करें।
- योग अभ्यास को निरन्तर करने से लाभ मिलता है।
- अपनी दिनचर्या को सुधारें समय से सोये और प्रातःकल उठे और योग करें।

- अपने खानपान में सुधार करें।
- अगर कोई मेडिकल तकलीफ है तो डाक्टर से जरूर सलाह लें।

अभ्यास के बाद

- योगअभ्यास के 20-30 मिनट बाद स्नान करना चाहिए।
- योगअभ्यास के 20-30 मिनट बाद ही आहार ग्रहण करना चाहिए,उससे पहले नहीं।

ध्यान देने योग्य विचार

- धूम्रपान से बचें।
- तन एवं मन ठीक प्रकार से अभ्यास के लिए तैयार हो इसके लिये शाकाहारी आहार ग्रहण करें।

वृक्षासन

वृक्ष शब्द का अर्थ है पेड। इस आसन की अंतिम अवस्था में शारीरिक स्थिति एक पेड के आकार में बनती है इसलिए इस आसन का नाम वृक्षासन है।

- वृक्षासन का अभ्यास करते समय सीधे खडे हो जाए दोनों पैरों के बीच में 2 इंच का अंतर बनाये।
- सांस को शरीर के बाहर छोडते हुए दांए पैर को ऊपर रखें एडी मूलाधार क्षेत्र से मिली होनी चाहिए।
- बिल्कुल समाने की तरफ देखें सीधी नजर सही संतुलन बनाने में अत्यन्त सहायक है।
- सांस को अंदर लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर की ओर ले जाकर नमस्कार मुद्रा में जोडे। और शरीर में किसी प्रकार का तनाव न महसूस करें।
- इस स्थिति में 10 से 30 सेकेंड या अपनी क्षमतानुसार रूके रहें।
- सांसो को बाहर छोडते हुए दोनो हाथों को नीचे लाये।
- शरीर को शिथिल करते हुए इस आसन को दूसरे पैर से करें।
- इस आसन का अभ्यास कम से कम तीन बार दोनों पैरों पर करें या अपनी क्षमतानुसार करे।

वृक्षासन के लाभ

- यह आसन तंत्रिका से संबंधित स्नायुओं के समन्वय और पैरों को मजबूती प्रदान करता है एवं संतुलन बनाने में सहायक है।
- एकाग्रता बढाने में सहायक है।
- यह आसन मस्तिष्क में स्थितिरता और संतुलन लाता है।

सावधानियां

आर्थराइटिस , माइग्रेन ,उच्च रक्त चाप से पीडित है या चक्कर आने पर इस आसन को न करें।

बदलते समाज में रिश्तों का स्वरूप

सुषमा त्रिपाठी

बदलते समाज में रिश्तों का स्वरूप निरंतर परिवर्तनशील रहा है। सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी विकास ने मनुष्य के जीवन को जहाँ एक ओर सुविधाजनक बनाया है, वहीं दूसरी ओर रिश्तों की प्रकृति और उनकी गहराई पर भी प्रभाव डाला है। पहले के समय में लोग रिश्तों को अत्यंत महत्व देते थे। परिवार के सभी सदस्य एक साथ रहते थे और एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनते थे। आपसी प्रेम, विश्वास और सहयोग के आधार पर रिश्ते मजबूत बने रहते थे। उस समय जीवन में भले ही सुविधाएँ कम थीं, लेकिन भावनात्मक जुड़ाव अधिक था।

आज के समय में परिस्थितियाँ काफी बदल चुकी हैं। लोग अपने-अपने कामों और जिम्मेदारियों में इतने व्यस्त हो गए हैं कि उन्हें रिश्तों के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। छोटी-छोटी बातों को लेकर गलतफहमियाँ उत्पन्न हो जाती हैं और धीरे-धीरे रिश्तों में दूरी आने लगती है। कई बार लोग दूसरों की मदद करने से भी कतराने लगते हैं, जबकि पहले समाज में सहयोग और अपनापन सामान्य बात थी। आधुनिक जीवन की भाग-दौड़ ने मनुष्य को इतना व्यस्त कर दिया है कि वह रिश्तों की अहमियत को समझते हुए भी उन्हें समय नहीं दे पाता। यही कारण है कि आज रिश्तों में पहले जैसी गर्माहट कम होती जा रही है।

जीवन की सच्चाई यह है कि जब तक मनुष्य जीवित है, तब तक रिश्तों का महत्व बना रहता है। रिश्तों के बिना जीवन अधूरा होता है, क्योंकि वे ही जीवन में खुशी, सहारा और संतुलन प्रदान करते हैं। जैसे-जैसे व्यक्ति बड़ा होता है, उसकी समझ और अनुभव भी बढ़ते हैं, जिससे वह रिश्तों के महत्व को और गहराई से समझने लगता है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम अपने रिश्तों को समय दें और उन्हें संजोकर रखें।

रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व संवाद है। यदि परिवार या समाज में लोग आपस में खुलकर बातचीत करें, एक-दूसरे की बातों को समझें और अपनी भावनाओं को व्यक्त करें, तो कई समस्याएँ अपने आप समाप्त हो जाती हैं। इसके साथ ही विश्वास भी रिश्तों की नींव होता है। जब दो लोगों के बीच विश्वास होता है, तो वे हर परिस्थिति में एक-दूसरे का साथ निभाते हैं।

समय देना भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि बिना समय दिए कोई भी रिश्ता मजबूत नहीं बन सकता। सहानुभूति और सम्मान भी रिश्तों को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब हम दूसरों की भावनाओं को समझते हैं और उनका सम्मान करते हैं, तब रिश्तों में मधुरता बनी रहती है।

कुछ लोग पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार रिश्तों को सुधारने के लिए ज्योतिषीय उपायों का भी सहारा लेते हैं। जैसे शुक्रवार को सफेद वस्त्र पहनना, सुगंधित वस्तुओं का उपयोग करना, मंत्र जाप करना या कुछ वस्तुओं का दान करना आदि। इन उपायों से मानसिक शांति मिलती है और व्यक्ति सकारात्मक सोच की ओर अग्रसर होता है, जिससे रिश्तों में सुधार आ सकता है। इसके अतिरिक्त सच्चे मन से पूजा और प्रार्थना करने से भी व्यक्ति के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो रिश्तों को बेहतर बनाने में सहायक होती है।

एक अच्छे रिश्ते की पहचान उसके मूल तत्वों से होती है, जैसे प्रेम, विश्वास, सम्मान और समझ। यदि इन तत्वों की कमी हो जाए, तो रिश्ता कमजोर पड़ने लगता है। इसलिए आवश्यक है कि हम एक-दूसरे की भावनाओं को समझें, छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करें और ईमानदारी तथा संवेदनशीलता के साथ अपने रिश्तों को निभाएँ। जहाँ आपसी विश्वास और समझदारी होती है, वहाँ रिश्ते स्वतः ही मजबूत हो जाते हैं।

अंततः यह कहा जा सकता है कि रिश्ते जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं और उन्हें बनाए रखना तथा मजबूत बनाना हमारी जिम्मेदारी है। यदि हम सही सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ, अपने व्यवहार में सुधार करें और अपने बच्चों को भी अच्छे संस्कार दें, तो रिश्तों में स्थायित्व और मधुरता बनी रह सकती है। समय के साथ समाज बदलता रहेगा, लेकिन यदि हम अपने रिश्तों के प्रति सच्चे और ईमानदार रहेंगे, तो वे और अधिक गहरे और मजबूत बनते जाएंगे।

आज के डिजिटल युग में तकनीक ने रिश्तों को एक नई दिशा दी है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट के माध्यम से लोग दूर रहकर भी एक-दूसरे से जुड़े रह सकते हैं। लेकिन इसके साथ ही यह भी देखा गया है कि आभासी संपर्क ने वास्तविक संवाद को कुछ हद तक कम कर दिया है। लोग एक ही घर में रहते हुए भी एक-दूसरे से कम बात करते हैं और अपने-अपने उपकरणों में व्यस्त रहते हैं। इससे रिश्तों में भावनात्मक दूरी बढ़ने लगती है, इसलिए तकनीक का संतुलित उपयोग करना आवश्यक है।

आज के डिजिटल युग में तकनीक ने रिश्तों को एक नई दिशा दी है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट के माध्यम से लोग दूर रहकर भी एक-दूसरे से जुड़े रह सकते हैं। लेकिन इसके साथ ही यह भी देखा गया है कि आभासी संपर्क ने वास्तविक संवाद को कुछ हद तक कम कर दिया है। लोग एक ही घर में रहते हुए भी एक-दूसरे से कम बात करते हैं और अपने-अपने उपकरणों में व्यस्त रहते हैं। इससे रिश्तों में भावनात्मक दूरी बढ़ने लगती है, इसलिए तकनीक का संतुलित उपयोग करना आवश्यक है।

इसके अलावा, प्रतिस्पर्धा और भौतिकवाद ने भी रिश्तों पर प्रभाव डाला है। आज लोग सफलता और धन कमाने की दौड़ में इतने आगे बढ़ चुके हैं कि कई बार वे अपने करीबी संबंधों को नजरअंदाज कर देते हैं। इससे रिश्तों में तनाव और असंतुलन उत्पन्न हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि व्यक्ति अपने जीवन में संतुलन बनाए रखे और अपने प्रियजनों के साथ समय बिताने को प्राथमिकता दे।

शिक्षा और जागरूकता भी रिश्तों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि व्यक्ति भावनात्मक रूप से परिपक्व होगा और दूसरों की भावनाओं को समझने की क्षमता रखेगा, तो वह अपने रिश्तों को अधिक अच्छे तरीके से निभा सकेगा। बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्य सिखाना चाहिए, ताकि वे बड़े होकर अपने रिश्तों को समझदारी से निभा सकें।

समाज में आपसी सहयोग और सामंजस्य की भावना भी रिश्तों को मजबूत बनाती है। जब लोग एक-दूसरे की सहायता करते हैं और कठिन समय में साथ खड़े रहते हैं, तो रिश्तों में विश्वास और अपनापन बढ़ता है। यही भावना समाज को एकजुट रखती है और उसे प्रगति की ओर ले जाती है।

अंत में, यह कहना उचित होगा कि रिश्तों की मजबूती केवल शब्दों से नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार और कर्मों से तय होती है। यदि हम अपने रिश्तों में सच्चाई, प्रेम और सम्मान बनाए रखें और समय-समय पर उनका ध्यान रखें, तो वे जीवन भर हमारे साथ मजबूती से जुड़े रहते हैं। रिश्ते जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं, जिन्हें संजोकर रखना हर व्यक्ति का कर्तव्य है।

आज के परिवेश में यह भी आवश्यक हो गया है कि हम रिश्तों में लचीलापन और धैर्य बनाए रखें। हर व्यक्ति की सोच, परिस्थिति और प्राथमिकताएँ अलग होती हैं, इसलिए हमें एक-दूसरे को समझने और स्वीकार करने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। जब हम अपने अहंकार को छोड़कर रिश्तों को प्राथमिकता देते हैं, तब संबंध अधिक मजबूत और स्थायी बनते हैं।

इसके साथ ही, कृतज्ञता की भावना भी रिश्तों को गहरा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि हम अपने जीवन में मौजूद लोगों के प्रति आभार व्यक्त करें और उनके योगदान को स्वीकार करें, तो रिश्तों में सकारात्मकता और अपनापन बढ़ता है। छोटे-छोटे धन्यवाद और सराहना के शब्द भी रिश्तों को मजबूत बनाने में बहुत प्रभावी होते हैं।

उठाया लेखनी जब भी

उठाया लेखनी जब भी किसी का रूप लिखने को।
शब्द की रेखा तले जब चित्र गढ़ने को।।
उड़ा है जब कभी मन का परिंदा आसमां में दूर तक,
बही है भाव की दरिया कभी जब स्वप्न सागर तीर तक,
ठिठकता है कहीं पर मन ठहर सा पैर जाता है।
प्रकृति का रूप तब आंखों के आगे तैर जाता है।।

वृहद है रूप इसका और सुंदरता की जननी है,
करो श्रृंगार शब्दों से भरो जो भाव भरनी है।
शब्द है थोड़े असीमित यह कहानी है,
नजर सीमित हमारी है नजारों में रवानी है।
कोई जब गीत लिखता हूं हमारा मन किसी के ठौर जाता है।
प्रकृति का रूप तब आंखों के आगे तैर जाता है।।

सभी उपमा प्रकृति से ही लिए सारे कवि लेखक,
उतारे हैं प्रकृत को भी जरा से दायरे में सब।
चांद को मुख में उतारे बादलों को केस में,
दिखाया है फिजाओं को सदा ही आदमी के भेष में।
लिखना चाहता हूं जब कोई एक रूप बनकर और आता है।
प्रकृत का रूप तब आंखों के आगे तैर जाता है।।

(कामेश)

हिम शिखरों को गलना होगा

अंतस्तल में पीर दबाये ,
बिना नयन से नीर बहाये,
कुटिल खलों को छलना होगा।
राह कठिन,पर चलना होगा ।।
पथ के हर कंटक से बच के ,
अवलंबन बस ले के सच के ,
पग पग तुम्हें संभलना होगा।
राह कठिन ,पर चलना होगा ।।
अपने भी संत्रास भरेंगे,
परहित पर उपहास करेंगें,
दुखद भाव मन दलना होगा।
राह कठिन ,पर चलना होगा ।।
सत्कर्मों पर दृढ़ रहना है ,
दूषित धार नहीं बहना है ,
बचकर भँवर निकलना होगा ।
राह कठिन , पर चलना होगा ।।
कभी भाग्य विपरीत चलेगा ,
निश्छल मन को विश्व छलेगा ,
प्रतिघातों में पलना होगा ।
राह कठिन, पर चलना होगा ।।
कष्ट अपरिमित डग आयेंगे ,
सुकृत भी अपयश लायेंगे ,
निज विष भाग निगलना होगा ।
राह कठिन, पर चलना होगा ।।
दिन होंगे अनुकूल कभी तो ,
सुमन बनेंगे शूल सभी वो ,
दुःख दुपहर को ढलना होगा।
राह कठिन पर चलना होगा ।।
समय कहाँ सम रहा धरा पर ,
रूप बदलते सभी चरा चर ,
हिम शिखरों को गलना होगा ।
राह कठिन, पर चलना होगा ।।
अंतस्तल में पीर दबाये ,
बिना नयन से नीर बहाये,
कुटिल,खलों को छलना होगा ।
राह कठिन , पर चलना होगा ।।

– देवेन्द्र सिंह

मधुगान सुना दो अब मन के!

मधुगान सुना दो अब मन के !
हर ओर सुखद अहसास पले,
जगती के सारे कष्ट जले,
खिल उठे सुमन सब जीवन के,
मधुगान सुना दो अब मन के।
हो कंठ तृप्त कर मधुर पान,
जीवन-सरि के जग उठेप्रान,
खोलो संपुट पट सब घन के,
मधुगान सुना दो अब मन के।
भर उठेडालियाँ सुमन खिले,
कलुषित-धरती को गंध मिले,
सिंचित कर दो द्रुम सब वन के,
मधुगान सुना दो अब मन के।
जीवन रजनी का विमल इंदु,
हो शांत सुखद अशांत सिंधु,
हो रोम-रोम हर्षित तन के,
मधुगान सुना दो अब मन के।
अब कटे रात हो अरुण गात,
मलयागिरि से फिर मलय वात,
तन-मन सब महक उठे जन के,
मधुगान सुना दो अब मन के।
छोड़ो आलस, दो खोल पलक,
सस्मित प्रकाश की एक झलक,
पा दमक उठे मुख कन-कन के,
मधुगान सुना दो अब मन के।
जो गया, भूल जाओ उसको,
वंचक था दुष्ट दुखद जिसको,
पापी के प्राण हरों हन के,
मधुगान सुना दो अब मन के।

– हेमराज सिंह 'हेम'

वन से जग प्रदूषण मुक्त होगा

ऐसे कैसे वन वृक्ष बिन संसार चलेगा,
जग में रहते विधि विचार से काम चलेगा।

वन वृक्ष सुरक्षा में कानून बनाना होगा,
पर्यावरण परिशोधन नियम बनाना होगा।
वन वृक्ष रहेंगे तब जीवन उद्योग चलेगा।

वन से ही वन पशुओं का रहेगा संसार,
वन से ही चिड़ियों का आबाद रहेगा घरबार।
वन से झींगुर -भौरें का गुंजार रहेगा।

वन से धरती में बादल जल बरसाते हैं,
वन से कोयल, तोता, मैना गीत गाते हैं।
वन में सर्प नेवला का बसेरा रहता है।

वन में साधु जीवन भर तपस्या करते हैं,
ऋषि-मुनि योगी सदा सरल जीवन जीते हैं।
सदाबहार वन से जग प्रदूषण मुक्त रहेगा।

हरा भरा हो सबका जीवन

हरा भरा हो सबका जीवन
कोयल कूक रही वन में।
हरियाली हरे सबका मन
भौर-भौर गुंजन करें सुमन में।।

हरे भरे वन की शोभा,
लगे जैसे सजे गाँव की गौरी।
दर्पण देख लजा जाए,
मगन हो जाए चाँद चकोरी।।
तोता मैना मधुर गीत गाये,
परमानंद लगे भुवन में।।

बरसात में जुगनू ऐसे चमके,
चाँदनी उतरी वृक्षों पर।
सबके मन मोह लेते दीपावली,
दीप ज्यों घरों पर।।

मन खोजाता सपनों में,
सजे दुल्हनियाँ रतन कंचन में।।

हरे भरे वन की शोभा देख,
खुश हो जाती वन की रानी।
स्वर्ग से उतरी वन पर्व देखन,
लिखती जीवन कहानी।।
महर महर महके कानन,
पाती पढ़े कस्तूरी अमन चमन में।।
चंदन वन खुशबू बिखेरे,
झर-झर निर्झर गीत गाते।
इन्द्रधनुष सजे गगन में,
मदन रति झूला झूल हर्षाते।।
सदाराम जंगल से मंगल है,
होय सौभाग्य संवर्धन में।।

डंके की चोट पर

डर डर के क्यों जीते में
डंके की चोट पर बात करो।

हम पर्यावरण की बात कर रहे,
हम वन वृक्ष संरक्षण की बात कर रहे।
जिसको बुरा लगता है लगने दो यारो,
अज्ञानी जन को बात पर प्रतिघात करो।।

वन वृक्ष हैं तो जीवन में उत्सर्जन है,
जीव जंतु पशु पक्षी उन्नयन उपार्जन है।
सोचो जुगनू तितली हो रहे विलुप्त,
अपने बल बुद्धि विवेक से करामात करो।।

विश्वास की नदी को गीत गाने दो,
गंगा गोदावरी को युगीन बात बताने दो।
जल संरक्षण से जीवन मुस्कराएगा,
नदी की तरह जल बाँटने की बात करो।।

औषधि का बाजार वन धन से है,
फल फूल का विस्तार निस्तार वन से है।
सुखद देगी प्रदूषण दूर होगा जगत का,
वृक्ष ही कल्प वृक्ष सम हैविभात करो।।

– सदाराम स्नेही

मुझे बचा लो धरती माता

मुझे बचा लो धरती माता
मैं अनबोलता पेड़ हूं।

इन पापियों को दूर भागाओ
इन्हें देख कर सोच में पडा.हूं
शुद्ध हवा और पानी
सबको मैं देता हूं।

प्रदुषण को ले कर
ताजी अक्सीजन देता हूं।

मेरे कट जाने से
धरती सुनी हो रही है।

मेरे न रहने से
सूखा गर्मी पड़ रही है।

मैं प्रकृति का रक्षक हूं
मुझे बचाना होगा।

इस धरती को फिर
स्वर्ग बनाना होगा।

- बद्री प्रसाद वर्मा 'अनजान'

अनमोल उपहारः कसौंदी

प्रकृतिमेल डेस्क

प्रकृति ने हमें स्वास्थ्य के अनगिनत उपहार दिए हैं, लेकिन आधुनिक भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर उन औषधियों को भूल जाते हैं जो हमारे घर के आंगन या सड़क के किनारों पर स्वयं उगती हैं। इन्ही में से एक अद्भुत वनस्पति है 'कसौंदी', जिसे आयुर्वेद की प्राचीन ग्रंथों में 'कासमर्द' के नाम से जाना जाता है। यह एक खरपतवार नहीं, बल्कि आयुर्वेद का एक जीवंत चिकित्सालय है। यह पौधा विशेष रूप से वर्षा ऋतु में बहुतायत से मिलता है और इसमें असाधारण औषधीय क्षमताएं विद्यमान हैं।

कसौंदी वैज्ञानिक शोधों ने कसौंदी में कई महत्वपूर्ण फाइटोकेमिकल्स या कार्बनिक यौगिकों की उपस्थिति की पुष्टि की है। इसमें प्रमुख रूप से एंथ्राक्विनोन डेरिवेटिव्स पाए जाते हैं, जो इसे शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल गुण प्रदान करते हैं। इसमें फ्लेवोनोइड्स, टैनिन, सैपोनिन, और आवश्यक फैटी एसिड्स का समृद्ध भंडार है। ये यौगिक शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने वाले एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करते हैं और कोशिकाओं को मुक्त कणों (Free Radicals) से होने वाले नुकसान से बचाते हैं।.

'कासमर्द' का नाम ही इसकी सबसे बड़ी विशेषता को दर्शाता है– 'कास' का अर्थ है खांसी और 'मर्द' का अर्थ है नाश करने वाला। सांस संबंधी विकारों में यह अत्यंत प्रभावी है। इसमें मौजूद एंथ्राक्विनोन फेफड़ों में जमा बलगम को ढीला कर बाहर निकालता हैं। दमा, ब्रोंकाइटिस और लगातार बनी रहने वाली खांसी के रोगियों के लिए इसकी पत्तियों का काढ़ा बहुत लाभ देता है। यह श्वसन नली की सूजन को कम कर सांस लेने की प्रक्रिया को सुगम बनाता है।

आधुनिक जीवनशैली में पाचन संबंधी समस्याएं आम हैं। कसौंदी कब्ज को दूर करने में बहुत प्रभावी है। इसके यौगिक पाचन रसों के स्राव को संतुलित करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शोधों से पता चला है कि कसौंदी में लिवर की रक्षा करने वाले गुण होते हैं। यह लिवर कोशिकाओं को जहरीले पदार्थों से बचाकर उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाता है, जो पीलिया और अन्य लिवर संबंधी विकारों में बेहद सहायक है।

त्वचा संबंधी समस्याओं जैसे कि दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, और सोरायसिस के लिए कसौंदी का बाहरी प्रयोग सदियों से किया जा रहा है। इसमें एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो संक्रमण को जड़ से मिटाने में सक्षम हैं। पत्तियों के पेस्ट या रस को प्रभावित स्थान पर लगाने से सूजन कम होती है और घाव जल्दी भरते हैं। यह त्वचा की गहराई में जाकर संक्रमण फैलाने वाले कारकों को नष्ट करता है।

मधुमेह आज एक वैश्विक महामारी के रूप में उभरा है। कसौंदी में मौजूद फ्लेवोनोइड्स इंसुलिन के प्रति संवेदनशीलता को सुधारने में मदद कर सकते हैं। इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण मधुमेह के कारण होने वाली अन्य समस्याओं को कम करने में भी मदद करते हैं। यह मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने वाली एक उत्कृष्ट औषधि है।

कसौंदी के अर्क शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सक्रिय करते हैं। यह शरीर में श्वेत रक्त कोशिकाओं के कार्य को बेहतर बनाता है, जिससे शरीर बाहरी वायरस और बैक्टीरिया से बेहतर तरीके से लड़ पाता है। नियमित और सीमित मात्रा में सेवन करने पर यह शरीर को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान करता है।कसौंदी का सेवन हमेशा एक विशेषज्ञ की देखरेख में करना चाहिए। पत्तियों का काढ़ा, चूर्ण या अर्क के रूप में इसका प्रयोग किया जाता है। इसे गर्भवती महिलाओं, बच्चों और गंभीर गुर्दे की समस्याओं वाले व्यक्तियों को बिना डॉक्टर की सलाह के बिल्कुल नहीं लेना चाहिए। कसौंदी प्रकृति का एक अनमोल धरोहर है।



" स्वस्वभाव का जीवन जीना ही पूर्णता है, पूर्णता ही अन्त और अनन्त है। "

- अशोक मानव

स्थापित 1948
77 वर्षों का विश्वास
लाला जुगल किशोर
गोटे वाले
55, अमीनाबाद पार्क, लखनऊ | संपर्क : 9935329775

दुर्गा आटो सेल्स

सेवा ऐसी जो पसीना न बहने दे

Aurhorised Dealer for Mahindra Tractors, Farm Equipments & Spare Parts



durgaautosale2000@gmail.com 9919528830 0545-4242216

इलाहाबाद-जौनपुर रोड, मछली शहर, जौनपुर, उ. प्र.।